सुविचार

रिश्तों की सिलाई अगर भावनाओं से हुई है तो टूटना मुश्किल है और अगर स्वार्थ से हुई है, तो टिकना मुश्किल है

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom of Speech

संपादक :- नागेश नरवरिया

RNI.NO. MPHIN/2015/76299

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak

वर्ष 6, अंक-79 | भोपाल, शुक्रवार 10 दिसम्बर 2021 | पृष्ठ -8 | मूल्य 3 रुपये

## न्यायालय महिला से बलात्कार करने वाले व्यक्ति को कब दोषमुक्त कर सकता है जानिए/IPC.....



■लेखक बी. आर. अहिरवार (पत्रकार एवं लॉ छात्र होशंगाबाद) 9827737665

उद्देश्य अपराध का नहीं और कोई अपराध हो जाएं तो दण्ड विधान के साधारण अपवाद में यह क्षमा योग्य होगा। आज के लेख में हम एक सवाल का उत्तर खोजने की कोशिश करते हैं कि कोई व्यक्ति स्वंय की इच्छा से किसी व्यक्ति को ऐसी स्वीकृति दे सकता है कि वह उसे गंभीर चोट पहुचाए या उसकी मृत्यु कर दे ये स्वीकृति वैध हैं या अवैध जानते हैं आज।

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 87 की परिभाषा-?**

दो वयस्क व्यक्ति द्वारा बिना आपराधिक उद्देश्य से आपस में ऐसे कार्य करने की स्वीकृति की जाए जिसमे एक- दूसरे को कोई गंभीर क्षति न हो ,एवं न ही उस कार्य में मृत्यु करने का कोई आशय हो। ऐसी स्वीकृति के बाद अगर उनमें से किसी व्यक्ति के कारण कोई गम्भीर अपराध सावधानीपूर्वक कार्य करते हुए हो जाए, तब उस व्यक्ति को धारा-87 के अंतर्गत बचाव मिल सकता है।

**नोट-** प्रायः कुश्ती, मुक्केबाजी, बॉक्सिंग, मल्लयुद्ध आदि जैसे खेलों तथा जोखिमों भरे व्यायामों आदि के दौरान शरीरिक क्षति के लिए धारा 87 का बचाव लिया जाता है।

**उधारानुसार वाद-हरपाल सिंह बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य-?:** उपर्युक्त मामले में उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि ज्यादातर यौन-अपराधों के मामलों में पीड़िता की स्वीकृति आरोपी के लिए एक बचाव सिद्ध होता हैं,एवं इसी स्वीकृति के आधार पर न्यायालय से आरोपी को धारा-87 के अंतर्गत दोषमुक्त कर दिया जाता है। लेकिन कोई स्त्री जो अठारह वर्ष से कम आयु की है तब उसकी सहमति का कोई मतलब नहीं होता है, आरोपी को अपराध (दोष) से मुक्त होने का उसे उसी धारा के अंतर्गत दोषी माना जाएगा जो उसने अपराध किया है।

**बैरासिया।** **संविधान गौरव अभियान के उपलक्ष में** दिनांक 6 दिसंबर को समय 2 बजे बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर साहब की प्रतिमा का अनावरण एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कार्यक्रम अंबेडकर पार्क बैरसिया पर आयोजित किया क्या गया है कार्यक्रम मैं उपस्थित विधायक श्री विष्णु जी खत्री समस्त कार्यकर्त्ता गण मौजूद रहे रामबाबू मित्रमंडली के समस्त सदस्यों ने बाबा साहब की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।



## आदिवासी गौरव : काम के नाम पर कर्नाटक-महाराष्ट्र ले गए, बंधक बनाया

### 3 जिलों के 250 मजदूरों को छुड़ाया

**गुना।** प्रदेश सरकार ने पिछले दिनों आदिवासी गौरव दिवस मनाया है। अब आदिवासियों को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। मध्यप्रदेश के आदिवासियों को दूसरे राज्यों में बंधक बनाकर मजदूरी कराई जा रही थी। 400 रुपए मजदूरी देने की बात कहकर महाराष्ट्र और कर्नाटक ले जाया गया। वहां बंधक बनाकर दिनभर काम कराया जाता है। रूखा-सूखा खाने में देकर रात को कमरों में बंद कर दिया जाता। ऐसे ही तीन जिलों के 250 से ज्यादा मजदूरों को महाराष्ट्र और कर्नाटक से रेस्क्यू कराया गया है। इन सभी की एक ही कहानी है। गुना जिले से काम की तलाश में महाराष्ट्र गए मजदूरों को



वहां बंधक बना लिया गया। न तो उन्हें वेतन दिया गया और न ही ठीक से खाना दिया जाता था। गुना पुलिस ने वहां से ऐसे 100 मजदूरों को रेस्क्यू किया है। जिनमे 25 से ज्यादा बच्चे भी शामिल हैं। दो बार मे मजदूरों को रेस्क्यू किया गया है। पहली बार मे 31 और दूसरी बार मे 69 मजदूरों को वहां से गुना लाया गया। सभी मजदूर सहरिया-आदिवासी समुदाय के हैं। 31 मजदूर इवापुर जिला पुणे और 69 मजदूर कोल्हापुर के कागल में बंधक बनाए गए थे। पहले मजदूरों को म्याना का ही एक ठेकेदार पुणे ले गया था। वहीं दूसरे मामले में शिवपुरी जिले का ठेकेदार उन्हें कोल्हापुर ले गया था। वहां इनसे गन्ने के खेतों में काम कराया जा रहा था। जिले के 7 गांवों के 65 आदिवासी महिला-पुरुषों को महाराष्ट्र और कर्नाटक के सीमावर्ती इलाकों में बंधुआ मजदूर बनाकर काम कराया जा रहा है।

## भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित





युवा प्रदेश नेटवर्क

**उदयपुरा।** जिला रायसेन मे दिनांक 6/12/21 को वी. दा. पीपुल्स आफ इंडिया परिवार के वेनर तले डा भीम राव अम्बेडकर भवन उदयपुरा में वावा साहेब डा भीम राव अम्बेडकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु कार्यक्रम रखा गया जिसमें रायसेन जिले व आसपास के जिलो के सामाजिक चिंतक, वुध्दि जीवि साथी एकत्रित हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से आरक्षण वचाओ संघर्ष समिति मध्यप्रदेश के संयोजक, पूर्व पार्षद आदरणीय हेमंत नरवरिया जी उपस्थित रहे। सभी उपस्थित संम्माननीय जनो द्वारा वावा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व प्रतिमा के सामने केंडल जला कर श्रद्धां सुमन अर्पित किये इसके पश्चात डा भीम राव अम्बेडकर भवन उदयपुरा में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उपस्थित जन देवरी से दिनेश वघेल, भजन लाल बडकुर, सिलवानी साइखेडा से ा्मरतन अहिरवार, उदयपुरा से मिथलेश मेहरा, वैजनाथ इमने मुन्ना लाल बडकुर, चंदन सिंह पारमल, अमर सिंह नरवरिया,



किर्गी से ग्यारसी प्रसाद, पाजरा से प्रहलाद अहिरवार, साइखेडा से यशवंत अहिरवार, चीखल से हल्केवीर अहिरवार, वरेली से गोपी लाल अहिरवार, खरगोन से कडोरी लाल अहिरवार, गेरतगंज से धनराज सूर्यवंशी, छातेर से मुन्ना लाल अहिरवार, छ्वारा से छन्नू लाल अहिरवार, केतोघान से मागीलाल अहिरवार, गहलावन से हाकम सिंह अहिरवार आदि कुरूतियों को मिटाने एवं संविधानिक व्यवस्था चलने का आभान किया। इसके वाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आदरणीय हेमंत नरवरिया जी द्वारा अपना संदेश उपस्थित जनो को दिया उन्होंने कहा वावा साहेब के वताएं हुए मार्ग पर चलना है व समाज को शिक्षित होना वहुत आवश्यक है तभी हम अपने अधिकारो के लिए संघर्ष कर सकते हैं तभी हम संविधान को वचाने में काम याव हो सकते हैं। कार्यक्रम में विनोद अहिरवार, कमलेश अहिरवार, धनश्याम अहिरवार, वलराम नरवरिया, लालकृष्ण नरवरिया, संजीव नरवरिया, रामवावू चोधरी, अमर सिंह अहिरवार, कोमल सिंह अहिरवार, पुन्टी अहिरवार, जसमन अहिरवार, टुन्डे अहिरवार, मनीराम अहिरवार संतोष वामने, कमलेश वामने, करन सिंह, पप्पू वामने गनेश वामने कडोरी लाल अहिरवार, राधे लाल रामचरन वामने, फूल सिंह अहिरवार, मंजू, धनराज नरवरिया, मुन्ना लाल अहिरवार, कन्छेदी लाल अहिरवार, गिरजन अहिरवार, नरसिंह पुर से जमना लाल अहिरवार, रामरतन वामने, प्रदीप अहिरवार, दीनदयाल नरवरिया, खुमान सिंह अहिरवार, संतोंष अहिरवार, आदि। व सैकड़ों की संख्या में संम्माननीय जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन युवा नेता समाज से वी प्रवक्ता वी. दा. पीपुल्स इंडिया रमन वामने ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन मागीलाल अहिरवार जी द्वारा किया गया। व वाद आजाक्स टीम द्वारा वावा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित

युवा प्रदेश नेटवर्क



**बाड़ी।** जिला रायसेन मे दिनांक 6/12/21 को भीम आर्मी, अजाक्स , आल इंडिया दलित महिला अधिकार मंच के पदाधिकारियों ने संत शिरोमणि रविदास मंदिर बाड़ी में वावा साहेब डा भीम राव अम्बेडकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु कार्यक्रम रखा गया जिसमें बाड़ी नगर में सभी सामाजिक चिंतक, वुध्दि जीवि साथी एकत्रित हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से भीम आर्मी रायसेन जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र मूलनिवासी, अजाक्स संघ के ब्लॉक यशवंत मालवीय,अजय टांक जी , आल इंडिया दलित महिला अधिकार मंच की जिला समन्वयक मीनू पवार जी , एवं सभी सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी उपस्थित संम्माननीय जनो संजीव मांड्र,मनोज अहिरवार,मनीष अहिरवार, कैलाश गोयल, बंटी अहिरवार,राजेश थनवार,अजय टांक,आदि द्वारा वावा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व प्रतिमा के सामने केंडल जला कर श्रद्धां सुमन अर्पित किये इसके पश्चात संत शिरोमणि रविदास मंदिर में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उपस्थित जीतेन्द्र मूलनिवासी, यशवंत मालवीय,अजय टांक,मीनू पवार, ने कुरूतियों को मिटाने एवं संविधानिक व्यवस्था चलने का आभान किया। जीतेन्द्र ने कहा हमें बावा साहेब के वताएं हुए मार्ग पर चलना है व समाज को शिक्षित होना वहुत आवश्यक है तभी हम अपने अधिकारो के लिए संघर्ष कर सकते हैं तभी हम संविधान को वचाने में काम याव हो सकते हैं। कार्यक्रम में भीम आर्मी टीम द्वारा वावा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आरिफ मसूद जी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भोपाल युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र यादव ओर युवा समाजसेवी नीलेश दिवाकर ने दी बधाई



**भोपाल।** जन्मदिन के शुभ अवसर पर आरिफ मसूद जी के सबसे करीबी माने जाने वाले भोपाल युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र यादव ओर युवा समाजसेवी नीलेश दिवाकर के साथ अन्य कार्यकर्ता भी इस अवसर पर मौजूद रहे। ओर आदरणीय मसूद जी से कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूत करने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। ओर आरिफ मसूद जी ने भोपाल युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र यादव के कार्यो की सराहना की। ओर भबिष्य में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की। माननीय विधायक आरिफ मसूद जी ने सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की ओर सभी कार्यकार्ताओ के कार्य की सराहना की।

# आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के रोड मैप अनुसार 'पशुपालन के क्षेत्र में उद्यमिता विकास' विषय पर 'युवा संवाद' का आयोजन किया गया



**होशंगाबाद।।** गुरुवार को शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय होशंगाबाद की प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन के मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के रोड मैप अनुसार ''पशुपालन के क्षेत्र में उद्यमिता विकास' विषय पर 'युवा संवाद' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि पशुपालन, पशु चिकित्सा एवं डेयरी उद्योग के क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते है। इस आयोजन के द्वारा विद्यार्थियों में मुर्गी पालन, गाय पालन, बकरी पालन, चारा प्रबंधन आदि क्षेत्रों में स्वरोजगार कैसे स्थापित किया जाये इसकी जानकारी विस्तार से डॉ संजय कुमार सिंघई एवं डॉ. राजेन्द्र शर्मा द्वारा प्रदान की जायेगी। इसका लाभ उठाकर आप स्वावलंबी बन सकते है। पशु पालन के क्षेत्र में आज के युवाओं की रूचि कम है क्योकि वह उसे लाभ के व्यवसाय में नही गिनते है। इस क्षेत्र में स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए अपार संभावनायें है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रागिनी सिकरवार ने बताया कि छात्राओं को स्वरोजगार की ओर ले जाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं जिसके माध्यम से समस्त छात्राएं स्वरोजगार से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान कर सकेंगी। कु. चारू तिवारी ने विषय प्रवर्तन करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन ने पशुपालन के क्षेत्र में छात्राएं किस प्रकार व्यवसाय प्रारंभ कर सकती हैं, वह किस प्रकार एक सफल उद्यमी बन सकती हैं एवं पशुपालन में आमदनी के स्त्रोत की संपूर्ण जानकारी युवा संवाद के माध्यम से समझने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्य अतिथि डॉ संजय कुमार सिंघई पशुपालन से रोजगार के अवसर पर चर्चा करते हुए कहा कि पशुपालन जब हम व्यवसाय के रूप में करेंगे तब हम आर्थिक लाभ उठा पाएंगे। उन्होने बताया कि उन्नत विधि के द्वारा अधिकतम आर्थिक लाभ हम दो प्रकार से प्राप्त कर सकते है पहला जिसमे स्वयं का फायदा हो और दूसरा जिसमे दुसरो को भी रोजगार मिल सके। मुख्य बक्ता डॉ राजेन्द्र शर्मा ने छात्राओं को पशुपालन कि विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पशुपालन का क्षेत्र अत्यधिक वृहद है किंतु इसके प्रति लोगों का दृष्टिकोण संकुचित है। भारत एक कृषि प्रधान देश है जिसमें 27ः योगदान पशुपालन का है। पशुपालन के क्षेत्र में पशुधन शक्ति, मनोरंजन का क्षेत्र, स्वास्थ्य चिकित्सा क्षेत्र, जैविक खाद ,मुर्गी पालन ,चमड़ा उद्योग ,दवाइयों का उद्योग ,जैविक ईंधन, ऊन का उद्योग, मीट का प्रोसेसिंग, आयुर्वेदिक क्षेत्र, कॉस्मेटिक उद्योग आदि में स्वरोजगार के अवसर आप प्राप्त कर सकते है। पशुपालन अधोसंरचना विकास निधि जिसमें आप 10 लाख से लेकर 50 करोड़ तक का ऋण ले सकते हैं, पशु आहार उद्योग स्थापित कर सकते हैं एवं पशुधन बीमा योजना की संपूर्ण जानकारी देते हुए छात्राओं को छोटी छोटी इकाइयों के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया, क्योंकि महिला सशक्तिकरण का बहुत बड़ा उदाहरण हमें पशुपालन के क्षेत्र में प्राचीन काल से ही देखने को मिलता है। उन्होने अमूल डेयरी उद्योग एवं सॉची दुग्ध ईकाई का उदाहरण देते हुए छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम की संयोजक डॉ रागिनी सिकरवार एवं डॉ आशीष सोहगौरा ने आभार देते हुए कहा कि यदि भारत का युवा राष्ट्र निर्माण में संपूर्ण ऊर्जा लगा दे तो देश का विकास निश्चित ही शिखर पर होगा। समिति के सदस्य डॉ. हर्षा चचाने, डॉ. मनीष चंद्र चौधरी, डॉ. नीतू पवार श्रीमती प्रीति ठाकुर डॉ. रीना मालवीय डॉ. संगीता पारे ने कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में डॉ. वर्षा चौधरी, डॉ. भारती दुबे, डॉ. संध्या राय, डॉ. दीपक अहिरवार, श्री धीरज खातरकर, डॉ. प्रगति जोशी, श्री दुर्गेश राने, श्रीमती अंकिता तिवारी, कु. श्वेता वर्मा, श्रीमती भारती दीवान, एनसीसी कैडेट, एन.एस.एस की स्वयंसेविकाये एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।







# भीम आर्मी ने मनाया समाज सेवी अजय टांक का जन्मदिन





**बाड़ी।** बाड़ी में समाज सेवी अजय टांक वाल्मीकि जी के जन्मदिवस पर भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र मूलनिवासी , अजाक्स के व्लॉक अध्यक्ष यशवंत मालवीय, अजय जाट जी ,एवं भीम आर्मी तहसील बाड़ी के सभी कार्यकर्ताओ ने बाड़ी बस स्टैंड पर केक काटकर अजय टांक जी को जन्मदिन की बधाई दी ।और फूल माला डालकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर भीम आर्मी, अजाक्स के सभी कार्यकर्ता एवं सभी सामाजिक बुद्धिजीवी साथी उपस्थित रहे । उपस्थित युवाओं ने बावा साहब के मिशन के लिए समर्पित जीतेन्द्र मूलनिवासी का भी फूल माला डालकर स्वागत किया के उनके कार्य किं सराहना की । भीम आर्मी जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र ने कहा कि हमें इसी तरेह मिल जुल कर साथ रहना है ओर एकता का परिचय देना है जन्मदिन में लोकेश परिहार,बाबू , हरीसिह मालवीय,सौरभ,वीरू नरवरे,भीम आर्मी तहसील अध्यक्ष अतुल अहिरवार, अमन गोयल, राहुल,जीतेन्द्र मूलनिवासी मित्र मंडल के सभी साथी उपस्थित रहे ।




आवश्यकता
युवा प्रदेश नेटवर्क
*मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।*
युवा प्रदेश नेटवर्क,
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
भोपाल (मप्र)मो.- 9755364204

# ग्राम भील टोला में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया




**डूंगरिया।** ऑल इंडिया दलित महिला अधिकार मंच (NCDHR ) के नेतृत्व में दिनांक 09/12/2021 ग्राम पंचायत डूंगरिया जिला रायसेन के ग्राम भील टोला में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला में आल इंडिया दलित महिला अधिकार मंच से रायसेन जिला समन्वयक मीना पॉवर द्वारा महिलाओं के साथ मौलिक अधिकार एससी एसटी एक्ट पोक्सो एक्ट अन्य कानूनी कार्रवाई ह के विषय में विस्तार पूर्वक समझाया बा मध्य प्रदेश मे महिलाओं बच्चियों पर बढ़ते अत्याचारों की घटना पर भी चर्चा की गई उनके समाधान और सुधार के मुद्दों को लेकर महिलाओं ने भी अपने विचार विमर्श किए महिलाओं बालिकाओं पर हो रहे अत्याचारों खिलाफ आवाज उठाने और अपने हक अधिकार के लिए करने की शपथ भी ग्रहण की अत्याचार सहेंगे ना महिलाओं बालिकाओं पर अत्याचार होने देंगे।



# अंबिकापुर में एक दंपती नें की फांसी लगाकर आत्महत्या

## मामले की जांच में जुटी अंबिकापुर पुलिस



**सरगुजा/अम्बिकापुर।** स्टेट बैंक मुख्य शाखा के पीछे रहने वाली एक दंपत्ति पति- पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विवेक गुप्ता एक निजी इन्सोरेंस कंपनी में कर्मचारी था, उसकी पत्नी श्वेता गुप्ता गृहणी थी दोनों की शादी को 20 वर्ष हो चुके थे, लेकिन उनकी संतान नहीं थी, जिस मकान के सेकेंड फ्लोर में पति पत्नी रहते थे ठीक उसके नीचे मृतक के भाई का परिवार रहता था, बुधवार से दोनों पति पत्नी घर से बाहर नहीं निकले थे और घर के अंदर का दरवाजा बंद था।

दअरसल शुक्रवार की शाम मकान के नीचे रह रहे मृतक के परिजनों को गंध आने लगी गंध आने से परिजनों को अनहोनी का अंदेशा हुआ वही जब परिजन घर के ऊपर जाकर देखें तो घर के अंदर का दरवाजा बंद था अनहोनी होने की शंका होने पर परिजनों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी पुलिस की टीम जब मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर घर के अंदर प्रवेश की तो सभी के होश उड़ गए, पत्नी का शव रसोई घर में फांसी के फंदे से झूल रहा था जबकि पति कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था इधर दंपत्ति के आत्महत्या करने की सूचना मिलने पर सीएसपी पुष्कर शर्मा एवं थाना प्रभारी राहुल तिवारी दल बल के साथ मौके पर जांच के लिए पहुंचे फिलहाल पुलिस शव को बरामद कर पंचनामा प्रसाद पीएम के लिए भेज दी है। वहीं दंपति नें आत्महत्या क्यों किया इस मामले का अब तक खुलासा नहीं हो सका है, कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर सभी पहलुओं में मामले की जांच कर रही है।

# एन. एस. एस इकाई द्वारा मंगलवार को आजादी का अमृत महोत्सव पर एनएसएस उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

## संकल्प कर आगे बढ़े - डॉ. कामिनी जैन?



**होशंगाबाद।** शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय होशंगाबाद की एन. एस. एस इकाई द्वारा मंगलवार को आजादी का अमृत महोत्सव पर एनएसएस उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसके मुख्य वक्ता शासकीय एमजीएम महाविद्यालय की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश झोटे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती कामिनी जैन ने की मंच पर मंचासीन डॉ किरण पगारे डॉ. रागिनी सिकरवार, रश्मि श्रीवास्तव, डॉ हर्षा चचाने, डॉ. रीना मालवीय थी। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर प्रार्थना के साथ एवं प्रेरण पुरूष स्वीमी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ स्वागत गीत, लक्ष्य गीत की प्रस्तुति के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा स्वागत उद्बोधन में बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना से सामाजिक दायित्व एवं नागरिक बोध का विकास होता है तथा छात्राऐं ग्राम समुदाय के बीच जाकर सक्रिय सहभागिता कर अपना सर्वांगीण विकास तथा राष्ट्रीय एकता को व्यवहारिक रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती हैं। उन्होने ग्राम डोंगरवाडा में आयोजित होने वाले सात दिवसीय एनएसएस केम्प में अपनी सक्रिय सहभागिता करने के लिए कहा। शासकीय एम.जी.एम. कॉलेज इटारसी से मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश झोटे छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि एन.एस.एस. हमें अपने जीवन में नई ऊर्जा संचालित करता है हम अच्छे नागरिक तभी बनते है जब हम अपने देश की सेवा अपने श्रम और उद्देश्यों को पूर्ण करते हुए करते हैं। इसके लिए युवाओं को आगे आना पड़ेगा उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्पिता महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 में इस आशा के साथ प्रारंभ की गई कि उच्च शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व चेतना, अनुशासन के साथ श्रम के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न हो तथा विद्यार्थी अपने समय का सदुपयोग करने हेतु समाज सेवा में संलग्न रहे जिससे उनका व्यक्तित्व का विकास हो। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक चिन्ह जो उड़ीसा के कोणार्क के सूर्य मंदिर के रथ पर आधारित है के विषय में बताते हुए कहा कि प्रतीक का डिजाइन सूर्यरथ के चक्र का रूप है तथा यह निरंतरता, गति, समाज में परिवर्तन लाने और उसे उन्नत करने के लिए निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रयास करने का द्योतक है। इसके प्रत्येक पहिए में 8 तीलियॉ है जो 8 प्रहर दर्शाती है वह राष्ट सेवा के लिए दिन-रात अर्थात 24 घंटे तत्पर रहें एवं लाल रंग इस बात का संकेत है कि स्वयंसेविकाओं में पूरा उत्साह है वे जीवंत तथा सक्रिय है तथा स्फूर्तिवान है तथा गहरा नीला रंग उस ब्रह्मांड की ओर संकेत करता है। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना छोटा सा अंश है और मानव मात्र का कल्याण करने के लिए हम अपना अंश देने को तैयार हैं उन्होने आदर्श आचारण संहिता बी एवं सी सर्टिफिकेट तथा राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित विभिन्न पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र एवं विभिन्न शिविर जिसमें जिला राज्य साहसिक गतिविधि शिविर एवं राष्ट्रीय शिविर तथा सात दिवसीय विशेष कैंप के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा देश भक्ति गीत एवं नृत्य लोकगीत लोक नृत्य जिसमें एकल नृत्य - मनीषा मिश्रा , पूजा गोस्वामी, रमीक्षा पुर्विया, प्रेरणा जायसवाल, राधिका यादव, समूह नृत्य - श्रुतिका याशिका समूह, सांभवी समूह, राजस्थानी नृत्य कुमकुम रिशिता, समूह गायन- हर्षा वर्षा समूह द्वारा प्रसुिति दी गई। संचालन अंशिका गुप्ता एवं पूजा गोस्वामी द्वारा किया गया स्वागत भाषण डॉ. हर्षा चचाने एवं डॉ रीना मालवीय एवं आभार कुमारी विधि दुबे द्वारा ज्ञापित किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में एन. एस. एस. छात्राओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ. कंचन ठाकुर, डॉ विजया देवासकर डॉ. कीर्ति दीक्षित, श्वेता वर्मा अंकिता तिवारी, डॉ. नीतू पवांर, प्रीति ठाकुर, मधु विजय, अनिल कौशल, राजेश अहिरवार, डॉ. मनीष चंद्र चौधरी एवं अधि संख्या में छात्राऐं उपस्थित रहीं।

# पूरा धान न खरीदकर किसानों का अपमान कर रही कांग्रेस सरकार - धर्मपाल सिंह टेकाम



**कोरिया।** छत्तीसगढ़ में 1 दिसंबर से धान की खरीदी प्रारंभ हो गई है जिसमें अव्यवस्था का आलम सभी जगहों पर देखा जा रहा है। चैनपुर में कई जगहों पर धान की खरीदी नियत तिथि पर प्रारम्भ हई। तीन दिन बाद जो आलम है उसे देखते हुए भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष धर्मपाल सिंह टेकाम ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए आरोपो की झड़ी लगा दी है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर असफल होते नजर आ रही है। किसानों का रकबा काटने का जो काम शासन के निर्णय पर हुआ है वह सरकार गलत है। कांग्रेस सरकार किसानों के साथ बार बार अन्याय कर रही है। किसान छत्तीसगढ़ की पहचान है,अन्नदाता है और हम अपने अन्नदाता का अपमान बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों का रकबा कम करके धान की खरीदी इतनी कम कर दी गयी है कि खेती में लगी रकम तक निकलने तक की कोई संभावना नजर नही आ रही है। किसानों के आँखों मे कर्ज के आंसू साफ दिखाई पड़ रहे है। पिछले साल के बारदाना का पैसा भी सभी किसानों को अभी तक मिल नही पाया है। किसान आज और भी नीचे की ओर कर्ज से दबा जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार अन्नदाताओ को कर्ज से उबरने का अवसर दे और जल्द ही किसानों का पूरा धान खरीदने की घोषणा करें और अगर कांग्रेस की भूपेश सरकार ऐसा नहीं करती है तो सरकार को जल्द ही इसका अंजाम देखने को मिल सकता है। भारतीय जनता युवा मोर्चा सदैव किसानों के साथ है और अगर जल्दी ही व्यवस्था नही सुधरी तो किसान अन्न दान करने से पीछे नहीं हटेंगे और भाजयुमो भी किसान आँदोलन में किसानों का साथ देगी। अन्नदाताओ का अपमान भाजपा युवा मोर्चा कभी बर्दाश्त नही करेगी।

# गैस एजेंसी में अनियमितता पर की गयी कार्यवाही

**कोरिया।** कोरिया कलेक्टर श्याम धावड़े के निर्देश पर जिला खाद्य अधिकारी व्ही.एन.शुक्ला के मार्गदर्शन में सहायक खाद्य अधिकारी संजय ठाकुर एवं खाद्य निरीक्षक सुश्री शुभा गुप्ता के द्वारा विकासखण्ड खड़गवां-चिरमिरी स्थित मेसर्स श्रीराम गैस एजेंसी हल्दीबाड़ी की संयुक्त जांच कि गयी। जांच दल के द्वारा गैस ऐजेंसी के संचालक भुवनेश्वर सिंग की उपस्थिति में जांच किया गया। उक्त फर्म बी.पी.सी.एल. कम्पनी के माध्यम से संचालित है। फर्म के स्टॉक पंजी के जांच में 14.2 कि.ग्रा. घरेलू भरे सिलेण्डरों की संख्या 615 एवं खाली सिलेण्डरों की संख्या 292 नग पाया गया। इसी प्रकार 19 कि.ग्रा. व्यवसायिक वर्ग के भरे सिलेण्डरों की संख्या 125 एवं खाली सिलेण्डरों की संख्या 45 नग पायी गयी फर्म के हल्दीबाड़ी स्थित कार्यालय के बगल स्थित गोदाम में अवैध रूप से भंडारित 14.2 कि.ग्रा. घरेलु के भरे हुये 69 नग, खाली 31 नग एवं 19 कि.ग्रा. वर्ग के 08 नग भरे एवं 02 नग खाली सिलेण्डर भंडारित पाये गये। फर्म के चिरमिरी-बिलासपुर रोड पर स्थित गैस गोदाम के भौतिक सत्यापन में घरेलु उपयोग के 14.2 कि. ग्रा. भरे 182 नग खाली एवं व्यवसायिक उपयोग के 19 कि.ग्रा. भार के 113 नग भरे, 47 बग खाली सिलेण्डर पाए गए। श्रीराम गैस एजेंसी हल्दीबाड़ी की जांच में घरेलू उपयोग 14.2 कि.ग्रा. के 407 नग भरे सिलेण्डर एवं 74 नग खाली सिलेण्डर कम पाये गये इसी प्रकार व्यवसायिक उपयोग 19 कि.ग्रा. के भरे हुये 04 नग सिलेण्डर कम एवं 04 नग खाली सिलेण्डर अधिक पाये गये। फर्म के संचालक द्वारा उक्त संबंध में समाधान कारक जवाब नहीं देने के कारण भौतिक रूप से उपलब्ध 14.2 कि.ग्रा. के 69 नग भरे हुये जिनका मूल्य 2 हजार 439.50 रूपए प्रति सिलेण्डर के आधार पर कुल 1 लाख 68 हजार 326.50 रुपए है, 213 नग खाली जिनका मूल्य 1 हजार 450 रुपये प्रति सिलेण्डर के आधार पर कुल 3 लाख 8 हजार 850 रुपए एवं व्यवसायिक उपयोग के 19 कि.ग्रा. भार वाले 121 नग भरे हुये जिनका मूल्य 3 हजार 679.50 रुपए प्रति सिलेण्डर के आधार पर कुल 4 लाख 45 हजार 219.50 रूपए, 49 नग खाली मूल्य 1 हजार 750 रुपए प्रति सिलेण्डर के आधार पर कुल 85 हजार 750 रुपए अर्थात कुल 10 लाख 8 हजार 145 रूपए के 452 नग गैस सिलेण्डरों को द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियमन आदेश 2000 के उल्लंघन किये जाने के कारण फर्म संचालक भुवनेश्वर सिंग से जप्त कर संचालक के सुपुदर्गी में आगामी आदेश पर्यन्त सौंप कर कार्यवाही हेतु कलेक्टर श्याम धावड़े के समक्ष जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है।



# कांग्रेस की किसान सहयोग समिति सिर्फ दिखावा-तिवारी



**कोरिया।** सोनहत प्रदेश में किसानों के लिए बारदाना समस्या,टोकन समस्या,रकबा कटौती,सुखत कटौती, कांटा समस्या,तथा भूगतान जैसी अनेकों समस्या पैदा करने वाली छ.ग.सरकार के किसान कांग्रेस संगठन ने किसान सहयोग समिति का गठन कीया है, जो कि सिर्फ दिखावा है। उक्त बयान सोनहत मण्डल के भाजयुमो नेता व महामंत्री रमेश तिवारी ने बयान जारी किया है तिवारी ने कहा प्रदेश में जब भाजपा की सरकार थी व यहां के मुखीया डॉ रमन सिंह थे उस वक्त वर्तमान मुख्यमंत्री कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हुआ करते थे उस समय वर्तमान मुख्यमंत्री ने तत्कालीन मुख्यमंत्री से 1नंवबर से धान खरीदी की मांग करते थे जबकि आज मांग करने वाला व्यक्ति प्रदेश का मुखिया है बावजूद प्रदेश में धान की खरीदी 1 दिसंबर से सुरु हुई है पूर्व के मुकाबले आज 15 दिनों बाद प्रदेश में धान खरीदी प्रांरभ हुई है ।युवा नेता तिवारी ने आगे कहा है जिस पार्टी की सरकार ने छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ मुजरिम जैसा बरताव किया, किसानों को खुन के आसूं रोने को मजबूर कर दिया लगातार धान न खरिदने को लेकर तरह तरह का बहाने बनाने वाले लोग आज किसान सहयोग समिति का गठन कर रहे है, यह समिति सिर्फ दिखावा है ।वास्तव में अगर कांग्रेस किसानों का सहयोग करना चाहती है तो तत्काल किसानों को भरपूर मात्रा में बारदाना, कटौती किए गए रकबे मे संसोधन, तथा बचे हुए धान की राशि का भूगतान करें।

# कोरोना वालेंटियर दीवार लेखन के माध्यम से दूसरे डोज के लिए ग्रामीणों को जागरूक कर रहे!

**अनूपपुर।** कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान के अंतर्गत जिला अनूपपुर विकासखंड जैतहरी के ग्राम पंचायत मेंडियारास में जन अभियान परिषद अनूपपुर और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक शशांक प्रताप सिंह एवं जिला समन्वयक उमेश पांडेय जी के मार्गदर्शन में ग्राम नोडल अधिकारी विकासखंड सहायक प्रबंधक संध्या मिश्रा कोरोना वालेंटियर मोहन सिंह संतोष कोल देवमणि कोल के द्वारा कोविड-19 के लिए जन जागरूकता करते हुए ग्राम पंचायत मेंडियारास के प्रमुख दीवार पर ग्रामीणों को दीवार लेखन के माध्यम से टीकाकरण के दूसरे डोज के लिए जागरूक करने का कार्य कोरोना वालेंटियर द्वारा किया जा रहा है।इसमें पंचायत के क्राइसिस मैनेजमेंट के कई सदस्य आशा कार्यकर्ता ग्राम के प्रधान सचिव रोजगार सहायक शिक्षक,स्व सहायता समूह के सदस्यों ने भी अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। कोरोना वालेंटियर मोहन सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत मेंडियारास में सेकेंड डोज के पात्र हितग्राहियों को घर-घर जाकर ग्रामीणों को टीकाकरण के दूसरे डोज के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है।साथ ही दीवारों पर जागरूकता नारे लिखकर उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है और केवल दीवार लेखन के माध्यम से विभिन्न प्रकार के माध्यम से ग्रामीणों को जो अभी तक अपना पहला एवं दूसरा टीकाकरण का डोज नहीं लगवाए हैं उन्हें प्रेरित और जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही साथ उन्हें टीकाकरण सेंटर पर ले जाकर उनका टीकाकरण करवाया जा रहा है।



## विधायक गुलाब कमरों ने नागपुर शिविर में पंडो बच्चों सहित अन्य छात्र छात्राओं को 795 जाति प्रमाण पत्र का किया वितरण

# 32 हितग्राहियों को वितरित किया किसान ऋण पुस्तिका एवं 7 किसानों को सरसों बीज किट

**मनेंद्रगढ।** छत्तीसगढ़ में पहली बार भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में पंडो परिवार के बच्चों को जाति प्रमाण पत्र भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों के हाथों शनिवार को नागपुर में आयोजित शिविर में वितरित किया गया ! पंडो परिवार के 53 बच्चों को पहली बार जाति प्रमाण पत्र बनने से उनके परिजनों में खुशी की ठिकाना ना रहा अब पंडो परिवार के बच्चे सरकारी नौकरियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगे अभी तक जाति प्रमाण पत्र ना होने के कारण उन्हें सरकारी नौकरी पाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था लेकिन सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों के अथक प्रयास से पंडो परिवार के बच्चों को जाति प्रमाण पत्र मिल सका है ! पंडो परिवार के सभी बच्चे नवाडीह के हैं ! विधायक गुलाब कमरों के निर्देश पर शनिवार को नागपुर में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा उपभोक्ता सेवा एवं जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था जहां पर विधायक गुलाब कमरों पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही समस्याओं का निराकरण किया ! इस दौरान विधायक गुलाब कमरों ने कहा कि छत्तीसगढ़ की किसानों की सरकार है जो किसानों के उत्थान के लिए काम कर रही है ! उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए छात्र-छात्राओं को तहसीलदार, पटवारी, आरआई, सरपंच, सचिव के चक्कर लगाने पड़ते थे इसके बावजूद भी उन्हें जाति प्रमाण पत्र नसीब नहीं हो पा रहा था ! इस समस्या को लेकर उनके द्वारा प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के समक्ष रखा गया जिसका परिणाम है कि आज पूरे प्रदेश में प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने नियम को शिथिल करते हुए गांव गांव में जाति प्रमाण पत्र बनवा कर दिया जा रहा है ! इसमें किसी तरह की कोई परेशानी जाति प्रमाण पत्र को लेकर बच्चों को नहीं हो रही है अब उन्हें स्थानीय स्तर पर ही स्कूलों व शिविरों के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र मिल जा रहा है! विधायक श्री कमरों ने कहा कि उनके द्वारा उठाई गई है समस्या भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के छात्र-छात्राओं को लाभ मिल रहा है उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें सुविधा प्रदान करने की दिशा में काम कर रही है ! पूर्व की सरकार जहां टार्च, छाता, रेडियो, मोबाइल बांटकर विकास की बात कहती थी लेकिन इससे विकास नहीं होता है धरातल पर काम करने से विकास होता है ! छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की सरकार 3 साल में ही विकास





के नए-नए आयाम स्थापित कर रही है जो काम पिछले 15 वर्षों में नहीं हुए वह काम महज 3 साल में ही हो जा रहे हैं ! उन्होंने कहा कि 15 सालों में पूर्व की भाजपा सरकार भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में एक भी नया धान खरीदी केंद्र नहीं खोल सकी थी वही कांग्रेस की सरकार सोसाइटी व नए धान खरीदी केंद्र खोलकर किसानों को राहत प्रदान कर रही है ! किसानों की हाय कैसे बड़े इस दिशा में छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार काम कर रही है छत्तीसगढ़ की सरकार किसानों की सरकार है !

### पंडो परिवार सहित 795 छात्र छात्राओं को किया गया जाति प्रमाण पत्र वितरण

सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरों ने शनिवार को ग्राम पंचायत नागपुर में आयोजित शिविर में विशेष पिछड़ी जनजाति पंडो परिवार के 53 बच्चों को पहली बार जाति प्रमाण पत्र वितरण करने के साथ ही 795 अन्य छात्र छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया! इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनके प्रयास के कारण छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार नियमों में शिथिलीकरण करते हुए बच्चों को जाति प्रमाण पत्र स्थानीय स्तर पर ही बना कर देने का निर्देश दिया जिसके कारण आज बच्चों को तहसीलदार पटवारी वह सरपंच सचिवों के कार्यालय का चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं उन्हें स्थानीय स्तर पर ही जाति प्रमाण पत्र मिल जा रहा है उनका प्रयास रंग लाया उनके द्वारा ही प्रदेश के मुखिया के पास बात रखी गई थी और जिसका नतीजा है कि आज पूरे छत्तीसगढ़ के बच्चों को यह सुविधा मिल रही है!

### 32 हितग्राहियों को वितरित किया गया किसान ऋण पुस्तिका

1990 - 91 में तत्कालीन सरकार के द्वारा राजीव गांधी तिरंगा पट्टा का वितरण किया गया था लेकिन राजस्व अभिलेखों में उसका कोई उल्लेख ना होने के कारण पट्टा धारियों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा था जिसको देखते हुए सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त विधायक गुलाब कमरों ने कलेक्टर एवं राजस्व अमले को निर्देशित कर राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार कर पट्टा वितरण का निर्देश दिया था विधायक श्री कमरों के निर्देश पर राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार किया गया और 493 पट्टा धारियों में से 293 के राजस्व रिकॉर्ड को किसान ऋष्ठा पुस्तिका बनाई गई है जिसमें नागपुर में आयोजित शिविर में विधायक श्री कमरों ने 32 हितग्राहियों को किसान ऋष्ठा पुस्तिका का वितरण कर इसकी शुरुआत की किसान ऋष्ठा पुस्तिका मिल जाने से अब किसान अपनी धान बेच सकेंगे एवं कृषि कार्य हेतु ऋष्ठा भी ले सकेंगे किसानों ने अपना पट्टा पाकर खुशी जाहिर की एवं विधायक के प्रति अपना आभार प्रकट किया !

### 7 किसानों को दिया गया सरसों बीज किट

नागपुर में आयोजित शिविर में कृषि विभाग के द्वारा विभिन्न हितग्राहियों को सरसों बीज वितरण कार्यक्रम रखा गया था जिसमें विधायक श्री कमरों ने 7 किसानों को सरसों बीज किट का वितरण कर इसकी शुरुआत की वही पशुधन विकास विभाग के द्वारा 30 पशु मालिकों को दवा वितरण किया गया !

**बिजली समस्या से संबंधित शिविर में आए 80 आवेदन:** विधायक गुलाब कमरों के निर्देश पर शनिवार को नागपुर में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें 80 आवेदन उपभोक्ताओं के आए जिसमें 60 बिजली सुधार एवं 20 अन्य थे विधायक श्री कमरों के निर्देश पर बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया !

शिविर में जिला पंचायत सभापति श्रीमती उषा सिंह,जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू,एसडीएम नयनतारा तोमर

**डीई एस के खाखा**

**नायब तहसीलदार विभोर यादव**

बीईओ गिरीश कुरचानिया,ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुचित्रा दास,

**जनपद सदस्य आरती सिंह**

सरपंचगण सिरौली अमोल सिंह,नागपर तेजकुवारी,सरभोका उपेंद्र सिंह,लाई सोनकुँवर,विवेक चतुर्वेदी, भगवान सिंह,अशोक बनर्जी,डॉ एसएल सिंह,शंकर राय, कृष्णा राय, नगीना साहू,इस्तियाक अली,शहनवाज अली,संजय राय, कमलेश सिंह सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी,ग्रामीणजन एवं सम्मानीय जनप्रातिनिधिगण सहित राजस्व,शिक्षा,बिजली,पशु,व पंचायत विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निज़ात अभियान पर बनाई अपनी पेंटिंग को जसमीत ने किया कोरिया पुलिस अधीक्षक को भेंट

**कोरिया।** कोरिया पुलिस द्वारा लगातार ड्र्ग्स एवं नारकोटिक्स के खिलाफ चलाये जा रहे निजात अभियान के तहत नए-नए कार्य किये जा रहे है। इस अभियान में आमजन भी इससे जुड़कर लोगों को नशे से दूर रहने की सलाह दे रहे है और कोरिया पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपील कर रहे है। इसी कड़ी में



कोरिया जिले के मनेन्द्रगढ़ की रहने वाली स्थानीय कलाकार / गायिका जसमीत कौर जस्सी ने इस अभियान से प्रेरित होकर एक पेंटिग तैयार की जिसे उसने पुलिस कप्तान श्री संतोष कुमार सिंह को भेंट कर निजात अभियान की शुभकामनाएं अर्पित की। जसमीत स्वयं एवं अपने परिवार के साथ लगातार निजात अभियान से हर छोटे-बड़े कार्यक्रमो में हिस्सा ले रही है। दिवाली के पर्व पर भी जसमीत के द्वारा निजात पर रंगोली बनाई गई थी। जसमीत ने कहा कि ये पहली बार है जब एसपी सर के नेतृत्व में कोरिया पुलिस के द्वारा अवैध नशे, ड्रग्स एवं नारकोटिक्स के खिलाफ एक अभियान के रूप में चलाया जा रहा है, जिससे कोरिया में काफी हद तक अवैध नशे के कारोबार को ध्वस्त किया गया है और नशे के आदी लोगो को इस दलदल से बाहर निकालकर उन्हें मुख्य धारा से जोडने की पहल भी अत्यंत सराहनीय है।

## सड़कें हो रही खराब रेत का अवैध परिवहन जारी विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई

**सूरजपुर।** रेत का अवैध परिवहन क्षेत्र में बैखोफ जारी है। जिले से लेकर स्थानीय अधिकारी भी इन माफियाओं के आगे नतमस्तक नजर आ रहे है। कुछ सत्ताधारी पार्टी के लोग तो कुछ नेताओं के संरक्षण में माफिया दिन रात रेत के अवैद्य परिवहन में लगे हुए है। रोजाना नगर से होकर ओव्हरलोड रेत की हाईवा वाहने चारों दिशाओं में दौड़ती देखी जा सकती है। खनिज विभाग से लेकर राजस्व और परिवहन विभाग व प्रशासन की निगाह इन पर क्यों नहीं पड़ रही यह गंभीर सवाल लोगो के जेहन में उठ रहा है। नियम कायदों को ताक पर रखकर तेज फर्राटे से नगर से गुजर रही हाईवा वाहने सड़के तो खराब कर ही रही है। वहीं इस कार्य में संलग्न सफ़ेदपोश नेताओं द्वारा दोगुने दाम पर रेत बेचकर प्रदेश सरकार की छवि भी धूमिल करने का




प्रयास किया जा रहा है। आलम यह है कि कोई व्यक्ति अपने निजी कार्य के लिए रेत का परिवहन करे तो उसके ऊपर दिखावे की कार्रवाई हो जाती है जबकि सफैदपोश करे तो सरकारी नियम भी उनके सामने बौनी साबित हो रही है। सूरजपुर बनारस मार्ग पर रेत से भरी वाहनो के आवागमन को लेकर कई दफा ने इस पर ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग भी की परंतु नतीजा सदा सिफर ही रहा। तेज दौड़ रहे ऐसे भारी वाहनों से आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है।

### अधिकारी भी संदेह के घेरे में

खनिज विभाग के अधिकारियों की कार्यशीली पर भी अब सवालिया निशान उठने लगे है। रेत वाहनों के पहिये जितना रफ्तार पकड़ रहे है खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उतने ही शिथिल नजर आ रहे है। अधिकारियों की यह शैली प्रदेश की गरीब जनता के लिए मंहगे रेत को लेकर भूपेश सरकार की छवि तोड़ने का कार्य कर रही है।

## मवेशी बाजार तालाब मेढ पर लगातार जारी है अतिक्रमण,जिम्मेदारो को नही चिंता..?

### नोटिस जारी कर प्रशासन सो रहा गहरी नींद पर, लगातार हो रहा निर्माण कार्य अब तक नहीं हुई कार्यवाही

**कोतमा।** नगर पालिका परिषद कोतमा क्षेत्र में भू माफियाओ ने अतिक्रमण की होड़ मचा रखी है जिसे देखने सुनने वाला दूर दूर तक कोई नही है।आज आलम ऐसा नजर आ रहा है कि कोतमा के मुख्य सड़क मार्ग,सार्वजनिक तलाबो की 30 मीटर दूरी पर ही मेढ़ो में अतिक्रमण नगर पालिका के नाक के नीचे जोर शोर से चल रहा है।नगर पालिका की वार्ड नं 04 दर्री टोला में नगर पालिका कर्मचारियों के आवास के लिए नजूल की प्रस्तावित भूमि पर बहु मंजिला मकान पूंजी पति/धन्ना सेठों के बन गए और नगर पालिका,कोतमा राजस्व विभाग के अधिकारी एवम जनप्रतिनिधि अपनी आंखों से सब कुछ देखते हुए भी चुप चाप है।वही मवेशी बाजार से लगे सार्वजनिक तालाब जो मवेशियों के लिए पानी की सुविधा के लिए बनाया गया था आज अतिक्रमणकारी अपने अपने महल व दुकान तान रहे हैं। बीते 4 महीनो से लगातार तालाब के 30 मीटर की दूरी पर,तालाब मेढ़ एवम कोतमा के मुख्य सड़क मार्ग से लगी भूमि पर कुछ रसूखदार खुलेआम अतिक्रमण कर रहे हैं और राजस्व विभाग,नगर प्रशासन और जनप्रतिनिधि चुपचाप बैठे हुए हैं।वही नगरीय प्रशासन ने निर्माण कार्य कराने वाले लोगो को कारण बताओ नोटिस देकर कुंभकर्णीय नींद पर चले गए हैं और निरंतर निर्माण कार्य जारी है।वही स्थानीय लोगों की माने तो वार्ड नं 04 तालाब मेढ़



पर हो रहे अतिक्रमण पर राजनीतिक संरक्षण भी अतिक्रमणकारियो को प्राप्त है,जिससे बेधडक होकर बिना डर के तालाब की भूमि पर अतिक्रमण तेजी से किया जा रहा है।

**रसूखदारो ने तालाब की भूमि पर अतिक्रमण की मचाई होड़ -** कोतमा मवेशी बाजार स्थित तालाब कई वर्षों पुराना है, अमलई देवरी निवासी महराज की पुस्तैनी भूमि पर मवेशियों जानवरो के लिए पानी पीने की सुविधा के लिए सार्वजनिक रूप से तालाब खुदवाया गया था,किंतु कुछ वर्षों पहले ही देवरी निवासी महराज द्वारा उत्तम जायसवाल को तालाब एवम तालाब से लगी भूमि का ऋय विक्रय कर दिया गया और चंद वर्षो बाद ही उत्तम जायसवाल ने भी बेचू केवट को तालाब एवम तालाब से लगी भूमि का ऋय विक्रय कर दिया और बेचू नामक व्यक्ति ने 11 व्यक्तियों को पटवारी हल्का कोतमा खसरा नं 741 की रजिस्ट्री करा दी।वर्ष 2018 में कोतमा के एक सीएमओ ने मवेशियों के तालाब से लगी मेढ़ पर निर्माण कार्य करने की रसूखदार व्यक्तियों से सांठगांठ कर आनन फानन में अनुमति ऑनलाइन दिला दी थी।किंतु 4 वर्ष तक अतिक्रमणकारी रसूखदार चुपचाप बैठे रहे और कुछ महीनो पहले 6 अतिक्रमणकारियो ने तालाब से 30 मीटर की दूरी पर ही तालाब मेढ़ व मुख्य सड़क मार्ग से लगी भूमि पर बहुमंजिला इमारत तानी जा रही है।सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार जबकि अतिक्रमणकारियों की भूमि खसरा नं.741 की रजिस्ट्री है और अतिक्रमणकारी 742,743 पर अतिक्रमण निर्माण कार्य कर रहे हैं।

**नपां.की पूर्व अनुशंसा निरस्त योग्य,फिर भी रसूखदार सब पर भारी -** लाखो करोड़ों कीमती भूमि को कोतमा मवेशी बाजार पर स्थित तालाब भूमि को रसूखदारो ने चंद वर्षो पहले सस्ते दाम में खरीदा और 2018 में नगर पालिका से निर्माण कार्य की ऑनलाइन अनुशंसा भी करवा ली।

संपादकीय

## गंजबासौदा को मिनी स्मार्ट सिटी बनाना मेरा सपना है:मुख्यमंत्री




मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि गंजबासोदा को मिनी स्मार्ट सिटी बनाना मेरा सपना है। इसके लिए सभी कार्य पूरे कराये जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुझे स्मार्ट सिटी के काम के बारे में शिकायतें मिली हैं। मेरे द्वारा 2018 में स्वीकृत किए गए जो कार्य शुरू ही नहीं हुए, उनकी जाँच करवाकर पूरा कराया जाएगा। काम प्रारंभ नहीं करने वाली एजेंसी का ठेका निरस्त कर नई एजेंसी तय की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान गंजबासौदा में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गंजबासौदा में चिकित्सा सुविधाओं की आवश्यकता है। पहले ही यहाँ के अस्पताल को हमने डेढ़ सौ बिस्तर के अस्पताल के रूप में उन्नयन करने का निर्णय लिया है। भवन निर्माण पर लगभग 30 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। साथ ही शेष सुविधाओं का इंतजाम भी किया जाएगा। मंडी रोड पर स्ट्रीट लाइट के लिए भी एक करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए गए हैं। पाराशरी नदी पर भी पाइप लाइन शिफ्टिंग के लिए 36 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में ड्रग्स माफिया को नेस्तनाबूत करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कोई भी हो, उसे किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। मध्यप्रदेश को ड्रग्स का अड्डा नहीं बनने देंगे। कलेक्टर को निर्देश दिए कि जनता के एक-एक पैसे का सही उपयोग होना चाहिए।

### मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हितग्राहियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज बासौदा प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना से लाभान्वित तीन हितग्राहियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हितग्राही केसरी सिंह अहिरवार से उनके व्यवसाय के संबंध में जानकारी प्राप्त की, हितग्राही ने बताया कि समय पर शासन की योजना का लाभ मिलने से परिवार का भरण-पोषण करने में सक्षम हुआ हूँ। बासौदा सर्किट हाउस के समीप सड़क किनारे आलू प्याज का व्यवसाय करने वाले हितग्राही श्री केसरी अहिरवार ने बताया कि उनके द्वारा बैंक की किस्त हर माह जमा की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बासौदा प्रवास के दौरान टीटी जैन पाठशाला के समीप पारिजात का पौधा लगाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्री देवेन्द्र यादव के घर पहुँचकर उनके भाई एवं माता के निधन पर शोक संवेदनाएँ व्यक्त कीं।

# देश की सर्वाधिक गौ-शालाएँ हैं मध्यप्रदेश में

*गौ-वंश को जंगल से आहार और वन को गोबर से खाद मिलने की व्यवस्था प्राकृतिक है। गौपालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड द्वारा जंगलों के पास गौ-वंश वन्य विहार विकसित किये जा रहे हैं। रीवा जिले के बसावन मामा क्षेत्र में 51 एकड़ क्षेत्र में गौ-वंश वन्य विहार विकसित किया गया है, जिसमें 4 हजार गौ-वंश हैं। जबलपुर जिले के गंगईवीर में 10 हजार और दमोह जिले में 4 हजार गौ-वंश की क्षमता वाला वन्य विहार विकसित किया जा रहा है। आगर-मालवा के सुसनेर में 400 एकड़ में कामधेनु अभयारण्य विकसित किया गया है, जिसमें वर्तमान में 3400 बेसहारा, वृद्ध और बीमार गायों की देखभाल की जा रही है। इसी माह सागर विश्वविद्यालय में कामधेनु पीठ की स्थापना भी की गई है।*

वर्तमान में मध्यप्रदेश देश का सर्वाधिक गौवंश और गौशालाओं वाला प्रदेश है। यहाँ गौवंश के विकास, गौ-पालन, गौ-संरक्षण, गौ-संवर्धन और गौ आधारित उत्पादों के संवर्धन के लिये सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री गौ-सेवा योजना और अशासकीय स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित 1768 गौ-शालाओं में ढाई लाख से ज्यादा गौ-वंश की देखभाल की जा रही है। शासन द्वारा प्रति गौवंश प्रति दिवस के मान से 20 रुपये का अनुदान दिया जाता है। मुख्यमंत्री गौ-सेवा योजना में अब तक पूर्ण 1141 गौ-शालाओं में 76 हजार 941 गौ-वंश का पालन किया जा रहा है। स्वयंसेवी संस्थाओं की पंजीकृत 627 गौ-शालाओं में भी करीब एक लाख 74 हजार गौ-वंश की देखभाल की जा रही है।




### विकसित होंगे गौवंश वन्य विहार

गौ-वंश को जंगल से आहार और वन को गोबर से खाद मिलने की व्यवस्था प्राकृतिक है। गौपालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड द्वारा जंगलों के पास गौ-वंश वन्य विहार विकसित किये जा रहे हैं। रीवा जिले के बसावन मामा क्षेत्र में 51 एकड़ क्षेत्र में गौ-वंश वन्य विहार विकसित किया गया है, जिसमें 4 हजार गौ-वंश हैं। जबलपुर जिले के गंगईवीर में 10 हजार और दमोह जिले में 4 हजार गौ-वंश की क्षमता वाला वन्य विहार विकसित किया जा रहा है। आगर-मालवा के सुसनेर में 400 एकड़ में कामधेनु अभयारण्य विकसित किया गया है, जिसमें वर्तमान में 3400 बेसहारा, वृद्ध और बीमार गायों की देखभाल की जा रही है। इसी माह सागर विश्वविद्यालय में कामधेनु पीठ की स्थापना भी की गई है।

### मध्यप्रदेश में गौ हत्या संज्ञेय अपराध

मध्यप्रदेश में गौ हत्या संज्ञेय अपराध है। यहाँ आरोप सिद्ध होने पर सजा का प्रावधान है। मध्यप्रदेश में चार प्रजाति का देशी गौ-वंश पाया जाता है, जिनका दूध गिर गाय की तरह ही स्वर्णयुक्त एवं उच्च गुणवत्ता वाला है।

### प्रतिदिन 9.13 लाख किलो लीटर दूध का संकलन

प्रदेश में लगभग सवा 7 हजार दुग्ध सहकारी समितियाँ कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से पिछले वित्त वर्ष में प्रतिदिन औसतन 9 लाख 13 हजार किलो लीटर दुग्ध संकलन और औसत 6 लाख 38 हजार लीटर पैकेट दुग्ध विक्रय हुआ है। लॉकडाउन के दौरान दुग्ध संघों द्वारा 2 करोड़ 54 लाख लीटर दूध अतिरिक्त रूप से खरीदा गया। उल्लेखनीय यह भी है कि कोरोना लॉकडाउन के कारण जहाँ कई व्यवसाइयों को आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ा, वहीं दुग्ध उत्पादक किसानों को 94 करोड़ रुपये राशि का अतिरिक्त भुगतान किया गया।

### आइसक्रीम, पनीर आदि संयंत्रों का निर्माण

पिछले एक साल में इंदौर में 4 करोड़ रुपये की लागत से आइसक्रीम संयंत्र और खण्डवा में 25 हजार लीटर क्षमता के संयंत्र निर्माण का कार्य पूरा हुआ। जबलपुर में पौने 10 करोड़ रुपये की लागत से 10 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता के स्वचलित पनीर निर्माण संयंत्र की स्थापना का काम भी पूरा हो चुका है। सागर में भी एक लाख लीटर क्षमता के संयंत्र की स्थापना की गई।

**■ दुग्ध संयंत्रों को ऊर्जा में आत्म-निर्भर बनाने के लिये सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना की कार्यवाही को प्रोत्साहित किया जा रहा है।**

### सौर ऊर्जा को बढ़ावा

दुग्ध संयंत्रों को ऊर्जा में आत्म-निर्भर बनाने के लिये सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना की कार्यवाही को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश के 5 संयंत्रों में 4 करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से सौर ऊर्जा आधारित गर्म पानी के संयंत्रों की स्थापना की जा रही है।

**अतिरिक्त दूध का उपयोग मिल्क पावडर बनाने में:** दुग्ध संघों द्वारा वितरण से बचे हुए दूध का मिल्क पावडर बनाकर महिला-बाल विकास विभाग की ÷टेक होम राशन÷ योजना के लिये प्रदाय किया जाता है।

### देश की दूसरी सीमन प्रयोगशाला भोपाल में

केन्द्रीय वीर्य संस्थान द्वारा साढ़े 47 करोड़ रुपये की लागत से देश की दूसरी सेक्स सार्टेड सीमन प्रयोगशाला भोपाल में स्थापित की गई है। प्रयोगशाला में अब तक 21 हजार 580 सीमन का उत्पादन किया जा चुका है। सागर जिले के रतौना में राष्ट्रीय गोकुल मिशन में गोकुल ग्राम और कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की गई है। बुंदेलखण्ड क्षेत्र विकास योजना में दतिया जिले के नौनेर में आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के तहत प्रदेश का दूसरा वीर्य उत्पादन संस्थान स्थापित किया गया है। पिछले साल राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में 1500 और गोकुल मिशन में 850 मैत्री को प्रशिक्षण दिया गया।

### स्वास्थ्य सुरक्षा के लिये टीकाकरण

प्रदेश के सभी गौ-भैंस वंशीय पशुओं को नेशनल एनीमल डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम में एफएमडी और ब्रूसेल्ला का टीका लगाया गया। समस्त पशुओं को यूआईडी टेग लगाकर इनाफ पोर्टल पर दर्ज किया जा रहा है। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम में ढाई करोड़ से अधिक पशुओं का एफएमडी रोग के विरुद्ध टीकाकरण किया गया है। उद्देश्य वर्ष 2025 तक मुँहपका, खुरपका (एफएमडी) और ब्रूसेल्ला रोग पर नियंत्रण पाना और वर्ष 2030 तक इनका उन्मूलन करना है। दुधारु पशुओं के निरोगी होने से दूध, पशुधन और उत्पादों में वृद्धि होगी।

### राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम

कार्यक्रम के प्रथम चरण में 7 लाख 65 हजार गौ-भैंस वंशीय पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान, 5 लाख 91 हजार गर्भधारण परीक्षण और एक लाख 62 हजार वत्सोत्पादन किया गया। द्वितीय चरण में 19 लाख 15 हजार गौ-भैंस वंशीय पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान, 9 लाख 29 हजार का गर्भधारण परीक्षण और 38 हजार 365 वत्सोत्पादन हुआ। तीसरा चरण एक अगस्त, 2021 से प्रारंभ होकर 31 मई, 2022 तक चलेगा। इसमें अब तक डेढ़ लाख कृत्रिम गर्भाधान और 3 हजार से अधिक गर्भ परीक्षण किये जा चुके हैं। इनकी प्रविष्टि भी इनाफ पोर्टल पर की जा रही है।

# आजादी का अमृत महोत्सव तो मना रहे हैं लेकिन समस्याओं के रूप में विष भी खूब बिखरा पड़ा है

भारत को अपनी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मनाते हुए अतीत का जिया गया वह कालखण्ड भूलाना होगा जो हर क्षण कृतभूलों का पश्चाताप देता रहा, अपराध-बोध कराता रहा? क्यों हमारी व्यवस्था भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है? क्यों आजादी के 75 वर्षों के बाद भी राष्ट्रीय चरित्र नहीं बन पाया है? भले ही स्वतंत्रता ही देशवासियों के लिए सबसे बड़ा अमृत है और इस अमृत को प्राप्त करने के लिए ही देश के लाखों बेटे-बेटियों ने बलिदान दिए। अफसोस तो इस बात का है कि इस बहुमूल्य आजादी को राजनीतिक स्वार्थों के लिये कभी साम्प्रदायिकता की भेंट चढ़ाया तो कभी भाषाई विवादों में उलझाया। अपनी ही जड़ों से काटने एवं आत्मविस्मृति का षड्यंत्र चलता रहा। कभी शासन, सत्ता, संग्रह और पद के मद में चूर आदमी ने आतंक फैलाया तो कभी हिंसा का ताण्डव किया। यहां बड़ा गंभीर प्रश्न है, एक अमृत सागर मंथन से मिला, एक अमृत स्वतंत्रता के साथ देशवासियों को मिलना था,




पर ऐसा लगता है कि वह अमृत आमजन को पूरी तरह नहीं मिला। आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए हमारा सबसे बड़ा संकल्प सशक्त भारत, ईमानदार भारत एवं विकसित भारत का होना चाहिए। क्या कारण है कि जन्मभूमि को जननी समझने वाला भारतवासी आज भूख और अभावों से आकुल होकर विदेश की ओर भागता है और वहां जाकर सम्पन्न हो जाता है? और यह भी नहीं कि बाहर जाने वाला हर व्यक्ति दक्ष होता है। क्या कारण है कि भारत की आजादी के इतने वर्षों बाद भी हम अपने ही देशवासियों को दो वक्त की रोटी जुटाने के भी काबिल नहीं बना पाये हैं? कारण है- शासन, सत्ता, संग्रह और पद के मद में चूर देश का राजनीतिज्ञ, जिसने जनतंत्र द्वारा प्राप्त अधिकारों का दुरुपयोग किया और जनतंत्र की रीढ़ को तोड़ दिया है। कृषि प्रधान देश को कुर्सी-प्रधान देश में बदल दिया है। सरकारें हैं-प्रशासन नहीं। कानून है-न्याय नहीं। साधन हैं-अवसर नहीं। भ्रष्टाचार की भीड़ में राष्ट्रीय चरित्र खो गया है। उसे खोजना बहुत कठिन काम है। बड़े त्याग और सहिष्णुता की जरूरत है। उसे खोजने के लिए आंखों पर से जातीयता, क्षेत्रीयता, भाषा और साम्प्रदायिकता का काला चश्मा उतारना होगा। विघटनकारी प्रवृत्तियों को त्याग कर भावनात्मक एकता के वातावरण का निर्माण करना होगा। हथकण्डों की चुनाव-प्रणाली में सुधार कर बुरे और बुरे में से कम से कम बुरे को नहीं, अपितु अच्छे और अच्छे में से सबसे अधिक अच्छे को चुने जाने का वातावरण बनाना होगा।

# दूसरी लहर के दौरान लूट मचाने वाले अस्पतालों की पहचान कर उनका ऑडिट कराना जरूरी

**देश** ने अभी कुछ माह पूर्व 15 अगस्त 2021 को 75वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से कोरोना गाइडलाइंस का पालन करते हुए मनाया था। लाल किले की प्राचीर से हर वर्ष विभिन्न प्रकार की घोषणाओं के बाद भी आजादी के 75 वर्ष बाद भी देश बहुत सारी ज्वंलत समस्याओं से रोजाना संघर्ष कर रहा है।

चिंता की बात यह है कि बहुत सारे देशवासियों के लिए रोजी-रोटी, कपड़ा-मकान, शिक्षा-चिकित्सा हासिल करना आज भी बहुत बड़ी चुनौती बना हुआ है। सभी जानते हैं कि वर्ष 2020 से दुनिया की तरह हमारा देश भी भयावह कोरोना महामारी से जूझ रहा है, लेकिन अच्छी बात यह है कि अब देश की जनता कोरोना की दूसरी प्रचंड लहर के प्रकोप से काफी हद तक उबर गयी, आज धरातल पर हालात धीरे-धीरे सामान्य होने के कगार पर हैं। हालांकि विशेषज्ञ अभी भी लोगों की लापरवाही के चलते भविष्य में कोरोना की



तीसरी लहर आने का अंदेशा व्यक्त कर रहे हैं। क्योंकि दूसरी भयावह लहर के लिए जिम्मेदार कोरोना के डेल्टा वैरिएंट के बाद दुनिया पर कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन का खतरा मंडरा रहा है, कोरोना विशेषज्ञों को ओमिक्रॉन के डेल्टा से तेज फैलने की आशंका है। चिंता की बात यह है कि कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन भारत में भी पहुंच गया है। देशवासियों को उम्मीद है कि केंद्र व राज्य सरकारें कोरोना की तीसरी संभावित लहर से लड़ने के लिए धरातल पर पूर्ण रूप से तैयार होंगी।

# राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक सर्वेक्षण में पीएचसी वीरपुरडेम प्रथम

**सीहोर।** एनक्यूएएस मापदण्ड के अनुरूप विकसित होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इछावर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वीरपुरडेम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। संस्था अब राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सर्टिफाइड हो गई है। केन्द्रीय सर्वे दल द्वारा 08 एवं 09 अक्टूबर को पीएचसी वीरपुरडेम का दो दिवसीय सर्वेक्षण किया गया था। जिसमें 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ओवरऑल रैंक में पीएचसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री चंद्रमोहन ठाकुर ने समस्त हेल्थ टीम व वीरपुर डैम पीएचसी के समस्त स्टॉफ को बधाई दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि स्वास्थ्य संस्थाओ को भारत सरकार द्वारा एनक्यूएएस मापदण्ड अनुरूप विकसित किया जा रहा है। सर्टिफिकेशन के लिए राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीएचसी वीरपुर डैम का अनुमोदन किया गया था। जिसके अंतर्गत भारत सरकार के टीम अधिकारी डॉ. एम.मरियाप्पन एवं अधिकारी डॉ. ज्योति कोटवाल, प्रोफेसर सर गंगाराम हास्पिटल नई दिल्ली द्वारा दो दिवस तक पीएचसी वीरपुरडेम का सघन निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया था। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वीरपुर डेम में किये जा रहे कार्यों को देख कर भारत सरकार की टीम द्वारा अति प्रसन्नता जाहिर की गई थी। ज्ञात हो कि राज्य स्तर पर संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. पंकज शुक्ला के नेतृत्व मे स्वास्थ्य संस्थाओ की गुणवत्ता सुधारने में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है इसके लिए मध्यप्रदेश को प्रथम रनरअप का अवार्ड भारत सरकार से भी पूर्व में प्राप्त हुआ है।




## स्वास्थ्य अमले द्वारा घर-घर जाकर किया गया टीकाकरण

टीकाकरण
महाअभियान | मध्यप्रदेश

**सीहोर।** जिले में टीकाकरण महाअभियान के तहत 16 हजार 806 लोगों को कोविड का टीकाकरण किया गया। जिले में बुधवार को शाम 5ः40 बजे तक 16 हजार 806 लोगों को कोविड का टीका लगाया गया। सुबह 8 बजे से ही लोग कोविड का टीका लगवाने के लिए टीकाकरण केन्द्र पहुंचे। स्वास्थ्य अमले द्वारा घर-घर जाकर टीकाकरण किया गया। जिले में कुल 16 हजार 806 नागरिकों का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण के लिए 374 टीकाकरण केंद्र बनाएं गए। आष्टा में 4616, बुधनी में 1405, इछावर में 1857, नसरूल्लागंज में 4284, श्यामपुर में 2689 तथा सीहोर शहरी क्षेत्र में 1955 नागरिकों का टीकाकरण किया किया गया।

## कलेक्टर ने गैरतगंज तथा सिलवानी में धान उपार्जन केन्द्र का किया निरीक्षण

**रायसेन।** कलेक्टर श्री अरविन्द कुमार दुबे द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर वैक्सीनेशन कार्य का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने गैरतगंज कृषि उपज मण्डी तथा सिलवानी के धान उपार्जन केन्द्र नीगरी पहुंचकर धान उपार्जन कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से धान उपार्जन के संबंध में जानकारी लेते हुए कोरोना से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां बरतने तथा शासन के निर्देशानुसार उपार्जन कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से भी उपार्जन संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। किसानों से चर्चा के दौरान कलेक्टर उनसे पूछा कि वैक्सीन की दोनों डोज लगवा ली है या नहीं। साथ ही परिवार के सभी व्यस्क सदस्यों के भी वैक्सीनेशन की जानकारी ली। उन्होंने किसानों से कहा कि कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन की दोनों डोज लगवाना जरूरी है। इसलिए जिन्होंने अब तक वैक्सीन की दूसरी डोज नहीं लगवाई है, वह सेंटर पर जाकर दूसरी डोज जरूर लगवाएं। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री पीसी शर्मा, गैरतगंज एसडीएम श्री मनीष कुमार जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हर साल की तरहा इस साल भी मक़बूल दयावान की टीम की सौजन्य से




**भोपाल।** पुलिस ज़फ़र खान समाज सेवी फराज खान समाज सेवी शिराज उर्फ़ शेरा समाज सेवी मुजीब खान ठकेदार एव मक़बूल दयावान इन सब की और से थाना तिलैया काली जी का मंदिर लेडीज हॉस्पिटल भारत टॉकीज रेलवे स्टेशन पे गरीब बेसहारा लोगो को कंबल वितरण मक़बूल दयावान आप से हाथ जोड़कर बिनती करता हूँ हमारी टीम को देखकर है आप लोग भी जितने भी एन जी ओ. समाज सेवी नेता है सब लोग से निवेदन है की गरीब बेसहारा लोगों को कंबल वितरण करें धन्यवाद।







## छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को वैक्सीनेशन के लिए किया प्रेरित

**रायसेन।** जिले में कोरोना संक्रमण के नियंत्रण एवं बचाव हेतु महाअभियान चलाकर सभी पात्र लोगों का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। जिले में बुधवार को चलाए गए महाअभियान के तहत अधिक से अधिक पात्र लोगों को वैक्सीन की द्वितीय डोज लगाए जाने के लिए सॉंची, गैरतगंज, सिलवानी, बेगमगंज सहित अन्य ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त दीवार लेखन, मुनादी सहित अन्य माध्यमों से भी लोगों को वैक्सीनेशन महाअभियान की जानकारी देते हुए प्रेरित किया गया।



## अगले सप्ताह फिर समीक्षा करूंगा, उदासीनता और लापरवाही नहीं चलेगी- स्वास्थ्य मंत्री

**रायसेन।** प्रदेश की स्वास्थ्य संस्थाओं में गहन चिकित्सा इकाई, पीआईसीयू, पीएसए ऑक्सीजन प्लांट, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, सिटी स्केन मशीन सहित अन्य चिकित्सा उपकरण और सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। इन सुविधाओं की आवश्यकता पर आम नागरिकों को इनकी उपलब्धता सुनिश्चित हो, इसके लिये चिकित्सा उपकरणों का क्रियाशील रहना जरूरी है। ऐसे अस्पताल, जिनमें आईसीयू, पीआईसीयू, पीएसए ऑक्सीजन प्लांट और सिटी स्केन मशीन सहित अन्य चिकित्सा उपकरण लगाए जा रहे हैं और कुछ काम शेष है, उनमें अगले 2-3 दिन में शेष काम को पूरा किया जाए। इस महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही और उदासीनता नहीं चलेगी अगले सोमवार को फिर समीक्षा करूंगा। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने मंत्रालय से कोविड-19 की चुनौतियों से निपटने के लिये स्वास्थ्य संस्थाओं में की गई व्यवस्थाओं की वर्चुअल समीक्षा के दौरान यह बातें कही। समीक्षा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन उपस्थित थे।

# कोरोना की तीसरी लहर से बचाव के लिए सतर्कता आवश्यक- मुख्यमंत्री श्री चौहान

**रायसेन।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना वायरस की तीसरी लहर आने की संभावना है। इससे बचाव के लिए संपूर्ण प्रदेश में सजगता और सतर्कता आवश्यक है। हमें मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग और शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित कर कोरोना वायरस का सामना करना है। हमारा प्रयास यह हो कि लॉकडाउन की स्थिति निर्मित न हो और अर्थ-व्यवस्था सामान्य रूप से चलती रहे। कोरोना का सामना करने के लिए सभी व्यवस्थाएँ चाक-चौबंद हैं, यह सुनिश्चित करने लिए सभी प्रभारी मंत्री इस हफ्ते में अपने प्रभार के जिलों और अपने क्षेत्र के चिकित्सालयों का भ्रमण सुनिश्चित करें तथा ऑक्सीजन प्लांट, ऑक्सीजन बेड, ऑक्सीजन पाइप लाइन आदि की व्यवस्था का आवश्यक रूप से परीक्षण कर लें। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे। मंत्रि-परिषद की बैठक वंदे-मातरम गान के साथ आरंभ हुई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि टीकाकरण के दोनों डोज़ लगने से संक्रमण की गंभीरता कम होती है। अतः दिसंबर अंत तक प्रदेश में सभी पात्र व्यक्तियों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए प्रभारी मंत्री अपने प्रभार के जिलों तथा अपने क्षेत्र की क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों के साथ टीम भावना से कार्य करते हुए विशेष टीकाकरण के लिए वातावरण निर्मित करना सुनिश्चित करें।

## कलेक्टर ने 10 प्रतिशत ऊर्जा बचत करने के निर्देश दिए

**विदिशा।** कलेक्टर श्री उमाशंकर भार्गव ने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिए है कि समस्त शासकीय कार्यालयों की ऊर्जा खपत में कम से कम 10 प्रतिशत की बचत की जाये। उन्होंने कहा है कि यह सुनिश्चित करें कि कार्यालय में जरूरत न होने पर उपकरण को मेन स्विच से ऑफ करें। कार्यालय से जाते समय समस्त विद्युत उपकरणों को स्विच ऑफ करें। कार्यालयों में गुणवत्तायुक्त एल.ई.डी. बल्ब का उपयोग करें, जो सामान्य बल्ब की अपेक्षा विद्युत की बचत करते हैं एवं अधिक समय तक खराब भी नहीं होते हैं। कम्प्यूटर की स्क्रीन सेवर की जगह ब्लेंक (ठसदा) पर सेटिंग करें, इससे विद्युत की बचत होगी।

# कलेक्टर ने जिले का भ्रमण कर वैक्सीनेशन कार्य का लिया जायजा


### लोगों से ली वैक्सीनेशन की जानकारी, मोबाईल में स्टेटस भी चेक किया

**रायसेन।** कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए जिले में सतत् रूप से वैक्सीनेशन किया जा रहा है। राज्य शासन के निर्देशानुसार सभी पात्र लोगों को वैक्सीन की दोनों डोज लगाए जाने के लिए प्रदेश के साथ ही जिले में भी बुधवार को पुनः वैक्सीनेशन महाअभियान चलाया गया। कलेक्टर श्री अरविन्द कुमार दुबे द्वारा जिले का भ्रमण कर अनेक सेंटर्स का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सेंटर्स पर वैक्सीनेशन कार्य का जायजा लिया तथा लोगों से भी वैक्सीनेशन की जानकारी लेते हुए उन्हें प्रेरित किया। जिले में दोपहर 02 बजे तक 22 हजार से लोगों को वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी है। वैक्सीनेशन कार्य रात्रि 09 बजे तक किया जाएगा। कलेक्टर श्री दुबे द्वारा नकतरा, देवनगर, गढ़ी तथा बेगमगंज सहित अन्य क्षेत्रों में सेंटर्स का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य अमले से वैक्सीनेशन की जानकारी ली गई। साथ ही महिला बाल विकास, पंचायत सहित अन्य विभागों के मैदानी अमले को घर-घर दस्तक देकर द्वितीय डोज से शेष रहे सभी लोगों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि वार्ड, गॉंव में कोई भी पात्र व्यक्ति वैक्सीन के द्वितीय डोज से छूटे नहीं, यदि कोई व्यक्ति किसी कारणवश सेंटर पर नहीं आ सकता तो मोबाइल टीम द्वारा व्यक्ति के पास जाकर वैक्सीन की डोज लगाई जाए। कलेक्टर द्वारा मोबाइल पर भी नोडल अधिकारियों से वैक्सीनेशन की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक वैक्सीनेशन के लिए निर्देशित किया गया।



### नकतरा में दुकानदारों और आमजन को दी समझाईश

कलेक्टर श्री दुबे ने नकतरा में वैक्सीनेशन सेंटर के निरीक्षण के पश्चात भ्रमण कर दुकानदारों तथा आमजन से वैक्सीन की दोनों डोज लगे होने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने लोगों को समझाईश दी कि कोरोना संक्रमण से सुरक्षा के लिए वैक्सीन की दोनों डोज लगवाना जरूरी है।



# वेडिंग: इस साल शादी के बंधन में बंधे ये सेलिब्रिटी कपल

*देशभर में इन दिनों वेडिंग सीजन चल रहा है। ऐसे में बॉलीवुड में भी शादियों की धूम मची हुई है। इन दिनों देशभर में बॉलीवुड अभिनेत्री कटरीना कैफ और एक्टर विक्की कौशल की शादी सुर्खियों में बनी हुई है। यह कपल कल यानी 9 दिसंबर को शादी के बंधन में बंधने वाला है। वहीं, शादी की रस्में 7 दिसंबर से ही शुरू हो चुकी हैं। यह जोड़ी राजस्थान के सवाई माधोपुर में सात फेरे लेंगे। ऐसे में इनकी शादी को लेकर शाही इंतजाम भी किए गए हैं। कटरीना कैफ और विक्की कौशल की शादी बॉलीवुड में साल की आखिरी शादी हो सकती है। हालांकि, इससे पहले कई सेलेब्रिटी कपल इस साल शादी रचा चुके हैं। तो आइए जानते हैं इस साल शादी के बंधन में बंधे कौन- कौन से कलाकार-*

### वरुण धवन

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने इस साल की शुरुआत में 24 जनवरी को अपने लंबे रिलेशनशिप के बाद गर्लफ्रेंड नताशा दलाल से शादी की थी। इस कपल ने अलीबाग में सात फेरे लिए, जहां करण जौहर, सिद्धार्थ मल्होत्रा जैसे कई सेलेब्स शामिल हुए थे।



### यामी गौतम

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की शादी सभी के हैरान करने वाली थी। दरअसल, अभिनेत्री ने 4 जून को फिल्ममेकर आदित्य धर से अचानक शादी कर सबको चौंका दिया था। बाद में एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी इस गुपचुप हुई शादी का खुलासा किया था।



### राजकुमार राव


अभिनेता राजकुमार राव और पत्रलेखा ने 15 नवंबर को देवउठनी ग्यारस के शुभ दिन सात फेरे लिए। इस शादी में दोनों के परिवार के लोग और कुछ करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। इस कपल की फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई थी।



### दीया मिर्जा

खूबसूरत अभिनेत्री दीया मिर्जा ने भी इस साल 15 फरवरी को शादी कर ली। मुंबई में वैभव रेखी के साथ हुई इस शादी में उनके कुछ करीबी दोस्त और रिश्तेदार शामिल हुए थे। प्रोड्यूसर साहिल संघा से तलाक के बाद दीया की ये दूसरी शादी थी।

## शत्रुघ्न सिन्हा की इस आदत से परेशान थे शशि कपूर



*शत्रुघ्न सिन्हा आज अपना 76 वां जन्मदिन मना रहे हैं। 9 दिसंबर 1945 को पटना, बिहार में जन्में शत्रुघ्न सिन्हा ने साल 1969 में आई फिल्म %प्यार ही प्यार से अपने करियर की शुरूआत की। वह कई सुपरहिट फिल्मों में अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीत चुके हैं। लेकिन ये जानकर आपको हैरानी होगी की शत्रुघ्न सिन्हा अपनी फिल्मों से कहीं ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहे। आज आपको फिल्म %शान% से जुड़ा एक ऐसा किस्सा बताने जा रहे हैं, जिसे जानकर आप भी हैरान हो जाएंगे। दरअसल, शशि कपूर शत्रुघ्न सिन्हा से इतने नाराज हो गए थे कि बेल्ट से उनकी पिटाई करने लगे। आइए जानते हैं इस किस्से के बारे में। शत्रुघ्न सिन्हा अपने दमदार डायलॉग के लिए जाने जाते थे। यही वजह है कि उन्हें हर कोई अपनी फिल्म का हिस्सा बनाना चाहता था। बस सब उनकी सेट पर लेट आने की आदत से परेशान रहते थे। इस बारे में खुद अमिताभ बच्चन ने खुलासा किया था कि शत्रुघ्न घर से तो समय पर निकलते थे, लेकिन सेट पर 5 या 10 मिनट नहीं बल्कि 3-3 घंटे लेट पहुंचा करते थे। शत्रुघ्न सिन्हा की लेट आने की आदत से शशि कपूर बेहद नाराज हो गए थे। एक दिन जब वह सेट पर लेट पहुंचे तो शशि ने बेल्ट से शत्रुघ्न की पिटाई कर दी। दरअसल शशि कपूर को काफी देर तक उनका इंतजार करना पड़ा था, जिससे वह गुस्सा हो गए थे। शत्रुघ्न ने पिटते हुए शशि कपूर से कहा कि फिल्म में आपका कास्ट समय पर आने के लिए किया गया है और मेरा टैलेंट के लिए। तभी शशि ने पलटकर कहा- देखो कितना बेशर्म है। शत्रुघ्न सिन्हा और शशि कपूर काफी अच्छे दोस्त थे। अमिताभ बच्चन ने एक बार खुलासा किया था कि शत्रुघ्न कभी वक्त के पाबंद नहीं रहे। अमिताभ ने बताया था कि वह लोग जब भी फिल्म देखने का प्लान करते, तो कहते थे, हां हां चलो। लेकिन 6 बजे की फिल्म होती थी और 6.30 बजे तक ये भाईसाहब अपने घर से निकले ही नहीं निकलते थे। जिसके कारण हम हमेशा आधा घंटा, पैंतालिस मिनट फिल्म देखने लेट पहुंचते थे।*

## विक्की कौशल के पिता भी जिम में बहाते हैं पसीना, फिटनेस की वीडियो हुई वायरल



विक्की कौशल और कटरीना कैफ आज शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इस बीच एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में विक्की या कटरीना नहीं, बल्कि विक्की के पिता श्याम कौशल हैं। दरअसल, विक्की के पिता इस वीडियों में जिम में पसीना बहाते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वह सेटअप लगाने के साथ एक्सरसाइज करते दिख रहे हैं। इस उम्र में उनकी फिटनेस को देखकर सभी हैरान हैं। जानिए कौन हैं विक्की कौशल के पिता श्याम कौशल। विक्की कौशल के पिता श्याम कौशल इंडस्ट्री का जाना माना नाम हैं। वह बतौर स्टंट डायरेक्टर काम करते हैं। वह साल 1980 फिल्म प्रहार से बतौर स्टंट डायरेक्टर काम कर रहे हैं। श्याम कौशल सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं बल्कि हॉलीवुड फिल्मों के लिए भी काम कर चुके हैं। यही वजह है कि वह फिटनेस का बेहद ध्यान रखते हैं और जिम में घंटो पसीना बहाते हैं। श्याम कौशल फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर, रॉकस्टार, राजनीति,बाजीराव मस्तानी, फैंटम, पीके, क्रिश, धूम, बर्फी, माय नेम इस खान, ओम शांति ओम जैसी कई फिल्मों में काम कर चुके हैं। दोनों ही कलाकार आज शादी के बंधन में बंध जाएंगे। वह हिंदू और इसाई रीति-रिवाज से शादी करेंगे। विक्की और कटरीना की शादी सवाई माधोपुर जिले के बरवाड़ा में 700 साल पुराने किले सिक्स सेंसेस फोर्ट में संपन्न हो रही है।

## भोजपुरी : खेसारी लाल यादव के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी




भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव यूं तो अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन इस बार खेसारी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। छपरा के न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सरोज की अदालत ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। दरअसल, खेसारी पर जमीन खरीदने के बाद रुपये न देने का आरोप लगा है। इसके साथ ही कोर्ट में तय तारीखों पर खेसारी के पेश न होने पर उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किया गया। जानिए क्या है पूरा मामला।

### चेक हुआ बाउंस

रसूलपुर थाना के असहनी ग्राम के रहने वाले मृत्युंजयनाथ पांडेय ने 16 अगस्त 2019 को खेसारी के खिलाफ रसूलपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसमें बताया गया था कि उनकी जमीन को बेचने के लिए खेसारी लाल की पत्नी चंदा देवी से 22 लाख सात हजार रुपये में बात तय हुई थी। जमीन की रजिस्ट्री भी हो गई थी। खेसारी लाल यादव ने जमीन के लिए उन्हें 18 लाख रुपये का चेक दिया गया था। जिसे शिकायतकर्ता ने अपने खाते में जमा करा लिया।

## शाहरुख खान ने बेटी सुहाना के बॉयफ्रेंड के लिए रखीं ये सात शर्तें

अभिनेता शाहरुख खान फिल्मी दुनिया के किंग कहे जाते हैं। उन्होंने इस इंडस्ट्री को काफी हिट फिल्में दी हैं और वह हमेशा अपने फैंस के जुड़े हुए रहने की कोशिश करते हैं। लेकिन एक सच्चाई ये भी है कि शाहरुख खान एक फैमिली मैन हैं। वह अपने परिवार से बेहद प्यार करते हैं और जब भी उनके परिवार पर कोई आंच आती है तो वह ढाल की तरह सामने खड़े हो जाते हैं। लेकिन जब अभिनेता की बेटी सुहाना खान की बात आती है तब शाहरुख खान अपनी लाडली के लिए ओवर प्रोटेक्टिव हो जाते हैं। ये बात खुद वह भी कह चुके हैं। शाहरुख अपनी बेटी को राजकुमारी की तरह रखते हैं और उसकी हर एक ख्वाहिश को पूरी करते हैं। दरअसल, शाहरुख खान ने अपने एक इंटरव्यू में अपनी बेटी सुहाना के बॉयफ्रेंड से जुड़ी 7 खूबियों के बारे में बताया था, जो उसमें होनी चाहिए। उन्होंने कहा था, 'मेरी बेटी को डेट करने के लिए किसी को भी सात सामान्य शर्तें माननी होंगी। जैसे नौकरी करो, मान लो कि मैं तुम्हें पसंद नहीं करता हूं, मैं हर जगह मौजूद हूं, अपना एक वकील भी रख लो, वो मेरी राजकुमारी है और तुम जीत नहीं सकते, मुझे दोबारा जेल जाने में कोई आपत्ति नहीं होगी और आखिरी तुम उसके साथ जो भी करोगे वही मैं तुम्हारे साथ करूंगा। शाहरुख खान ने अपनी बेटी सुहाना खान के होने वाले बॉयफ्रेंड के बारे में करण जौहर के चेट शो 'कॉफी विद करण' में भी बात की थी। इस शो के सीजन पांच में शाहरुख आलिया के साथ पहुंचे थे। इस दौरान आलिया ने बताया कि उनका पहला बॉयफ्रेंड 16 साल की उम्र में बना था। इस बात को सुनकर करण ने शाहरुख से पूछा, आपकी बेटी 16 साल की है, क्या आप उस इंसान को मार डालेंगे अगर उसने आपकी बेटी को किस किया? इस पर शाहरुख कहते हैं, मैं उसके होंठ काट दूंगा। शाहरुख की ये बात सुनकर करण ने जवाब दिया, मुझे ये बात पता थी। इस पर शाहरुख ने कहा, 100 परसेंट। सिर्फ यही नहीं शाहरुख ने ये भी कहा था कि वो आर्यन के भी होंठ काट देंगे अगर उन्हें पता चला कि उन्होंने किसी लड़की को किस किया है। शाहरुख खान ने गौरी खान से साल 1991 में लव मैरिज की थी। शादी के छह साल बाद गौरी ने बेटे आर्यन खान को जन्म दिया। फिर साल 2000 में शाहरुख-गौरी के घर में बेटी सुहाना खान ने जन्म लिया। इसके बाद कपल साल 2013 में सरोगेसी के जरिए अबराम खान का पैरेंट्स बना।

# सरकार के निर्देश: आपके नाम पर रजिस्टर्ड हैं 6 से ज्यादा सिम, तो वैरिफिकेशन न करने पर बंद हो सकता है नंबर



**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने 9 से ज्यादा सिम रखने वालों पर कार्रवाई का निर्देश दिया है। विभाग ने पूरे देश में 9 कनेक्शन और जम्मू-कश्मीर, असम सहित उत्तर-पूर्व राज्य में 6 कनेक्शन रखने वाले ग्राहकों के सिम को फिर से वैरिफाई करने और वैरिफाई नहीं होने पर उन्हें डिस्कनेक्ट करने का आदेश जारी किया है। ये आदेश 7 दिसंबर को जारी किए गए हैं।

**अगर आपके नाम पर 9 से ज्यादा सिम हैं तो क्या होगा?:** दूरसंचार विभाग की तरफ से जारी आदेश के अनुसार ग्राहकों के पास अनुमति से अधिक स्ढ्ढरूकार्ड पाए जाने की स्थिति में उन्हें अपनी मर्जी का सिम चालू रखने और शेष को बंद करने का विकल्प दिया जाएगा। विभाग ने कहा अगर किसी ग्राहक के पास तय संख्या से ज्यादा सिम कार्ड पाए जाते है तो सभी स्ढ्ढरू का फिर से सत्यापन किया जाएगा।

## वैरिफिकेशन व करने पर बंद हो जाएगी सिम

विभाग ने सभी टेलिकॉम ऑपरेटर्स को आदेश दिया है कि जिन यूजर्स के पास 9 से ज्यादा सिम कार्ड हैं, उन्हें नोटिफिकेशन भेजा जाए। ऐसे सभी सिम कार्ड की आउटगोइंग कॉल को 30 दिनों के अंदर बंद कर दी जाएं। जबकि इनकमिंग कॉल को 45 दिनों के भीतर बंद करने का आदेश दिया गया है। हालांकि मोबाइल सिम यूजर्स के पास एक्स्ट्रा सिम को सरेंडर करने का भी ऑप्शन होगा। अगर सब्सक्राइबर की तरफ से नोटिफाई किए गए सिम को वैरिफाई नहीं कराया जाता है, तो ऐसे सिम को 60 दिनों के भीतर बंद करने का आदेश दिया गया है। अगर सब्सक्राइबर इंटरनेशनल रोमिंग, बीमार और विकलांग व्यक्तियों को 30 दिनों का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

**आपराधिक घटनाओं की जांच करने को लेकर उठाया कदम:** दूरसंचार विभाग ने यह कदम दरअसल वित्तीय अपराधों, आपत्तिजनक कॉल और धोखाधड़ी गतिविधियों की घटनाओं की जांच करने को लेकर उठाया है। विभाग ने दूरसंचार कंपनियों से उन सभी मोबाइल नंबर को डेटाबेस से हटाने के लिए कहा है जो नियम के अनुसार उपयोग में नहीं हैं।

## सिम के लिए KYC जरूरी

इस साल सितंबर में ही सिम कार्ड चङ्घष्ट नियमों में ही सरकार बदलाव किया था। इसके अनुसार नए कनेक्शन लेने या प्रीपेड नंबर को पोस्टपेड में या पोस्टपेड को प्रीपेड में बदलने के लिए फिजिकल फॉर्म भरने की जरूरत का खत्म किया गया था। अगर आपको कोई नया मोबाइल नंबर या टेलीफोन कनेक्शन लेना है तो आपका चङ्घष्ट पूरी तरह से डिजिटल होगी। यानी चङ्घष्ट के लिए आपको किसी तरह का कोई कागज जमा नहीं करना होगा। नए नियमों के अनुसार आप सिम देने वाली कंपनी के ऐप के जरिए सेल्फ चङ्घष्ट कर सकेंगे। इसके लिए आपको मात्र 1 रुपए देना होगा।

# गोल्ड-सिल्वर: फिर महंगे हुए सोना-चांदी, एक साल में 55 हजार तक जा सकता है सोना



**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दामों में आज यानी बुधवार को बढ़त देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार आज सर्राफा बाजार में सोना 266 रुपए महंगा होकर 48,129 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं अगर वायदा बाजार की बात करें तो स्ष्टङ्ग पर दोपहर 2 बजे सोना 132 रुपए की बढ़त के साथ 48,192 रुपए पर ट्रेड कर रहा है।

**सर्राफा बाजार में मजबूत हुई चांदी:** चांदी की बात करें तो सर्राफा बाजार में आज चांदी 396 रुपए महंगी होकर 61,523 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। हालांकि वायादा बाजार में आज चांदी कमजोर हुई है। स्ष्टङ्ग पर दोपहर 2 बजे चांदी 122 रुपए की गिरावट के साथ 61,706 रुपए पर ट्रेड कर रही है।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1,790 डॉलर के पार निकला सोना:** अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,791 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है। इस महीने की शुरुआत में ये 1,774 डॉलर के करीब था। हालांकि चांदी में थोड़ी गिरावट देखी जा रही है और ये लुढ़ककर 22 डॉलर प्रति औंस के करीब आ गई है।

**आने वाले दिनों में फिर बढ़ सकते हैं दाम:** केडिया कमोडिटी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि देश और दुनिया में महंगाई बढ़ रही है। इसके अलावा कई देशों में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के आने के बाद मामले फिर बढ़ने लगे हैं। इससे सोने को सपोर्ट मिलेगा और ये अगले एक साल में 55 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

**मिस्ड कॉल देकर पता लगाएं सोने का रेट:** आप सोना और चांदी का भाव आसानी से घर बैठे पता लगा सकते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ 8955664433 नंबर पर मिस्ड कॉल देना है और आपके फोन पर मैसेज आ जाएगा। इसमें आप लेटेस्ट रेट्स चेक कर सकते हैं।

# क्रिप्टोकरेंसी प्राइस: बिटकॉइन की कीमत में आई 50 हजार रुपए की गिरावट, इथेरियम भी हुआ कमजोर

**नई दिल्ली।** क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में आज यानी बुधवार को एक बार फिर गिरावट देखने को मिल रही है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन शाम 4 बजे 1.22त्न (24 घंटे में) की गिरावट के साथ 40.38 लाख रुपए पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान इसकी कीमत में 49,949 रुपए की गिरावट आई है।

## इथीरियम में भी आई गिरावट

दूसरी क्रिप्टोकरेंसी की बात करें तो इथीरियम में भी 0.49त्न की गिरावट देखी गई हैं। यह बीते 24 घंटो में 1,712 रुपए गिरवकर 3.49 लाख रुपए पर आ गया है। हालांकि टेदर और स्ष्ठ कॉइन में बढ़त देखने को मिल रही है।

टॉप क्रिप्टोकरेंसी की कीमत (शाम 4 बजे)

टॉप क्रिप्टोकरेंसी की कीमत (शाम 4 बजे)

अपने ऑल टाइम हाई से 29त्न नीचे



आई बिटकॉइन

दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे पसंदीदा क्रिप्टो बिटकॉइन की कीमत 10 नवंबर को 52 लाख रुपए (69,000 डॉलर) के पार पहुंच गई थी लेकिन अब यह 40.38 लाख पर आ गया है। यानी 1 महीने से भी कम में इसकी कीमत में 29त्न की गिरावट आई है।


**आगे जारी रह सकता है उतार चढ़ाव:** एक्सपर्ट्स का कहता है कि दुनिया में फिर से कोरोना केस बढ़ने लगे हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में क्रिप्टोकरेंसी में उतार चढ़ाव देखने को मिल सकता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है।

## शेयर बाजार में दिखी तेजी

आज शेयर बाजार दूसरे दिन भी भारी तेजी के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (क्चस्श्व) का सेंसेक्स 1016 पॉइंट्स की तेजी के साथ 58,649 पर बंद हुआ। मार्केट कैप में 3.53 लाख करोड़ रुपए की बढ़त रही। कल यह 260.67 लाख करोड़ रुपए था। आज 264.20 लाख करोड़ रुपए हो गया है। उधर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (हृस्श्व) का निफ्टी 293 अंकों की बढ़त के साथ 17,469 पर बंद हुआ। यह 17,315 पर खुला था और दिन में 17,484का हाई बनाया। 17308 का इसने निचला स्तर भी बनाया। इसके 50 शेयर्स में से 45 शेयर बढ़त में हैं और 5 शेयर गिरावट में बंद हुए।

# रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में नहीं किया बदलाव

*नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने आज अपनी दो महीनों में होने वाली (द्विमासिक) मौद्रिक नीति समीक्षा के नतीजों की घोषणा की। RBI गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसके नतीजों का ऐलान करते हुए बताया कि रेपो और रिवर्स रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यानी, अब लोन की दरों में कोई राहत नहीं मिलेगी और आपके निवेश पर भी ज्यादा ब्याज मिलने की संभवना कम हो गई है। अभी रेपो रेट 4त्न और रिवर्स रेपो रेट 3.35त्न है। RBI ने लगातार 9वीं बार रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। रेपो रेट अप्रैल 2001 के बाद से सबसे निचले स्तर पर हैं। RBI की मौद्रिक नीति*



*समिति की बैठक 6 दिसंबर को शुरू हुई थी जो इस कैलेंडर वर्ष में समिति की आखिरी बैठक थी। RBI ने इस वित्त वर्ष 2021-22 के लिए ग्रोथ अनुमान 9.5त्न बरकरार रखा है। एक्सपर्ट्स ने पहले ही यह कहा था कि अर्थव्यवस्था में रिकवरी को और मजबूत करने के लिए RBI अभी दरों में बदलाव नहीं करेगा। रिजर्व बैंक के मुताबिक इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में ग्रोथ 6.6त्न और चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में 6त्न रह सकती है।*

***जनवरी से बढ़ सकती है महंगाई:*** *शक्तिकांत दास ने कहा कि महंगाई हमारे पहले के अनुमान के मुताबिक ही है। रबी की अच्छी फसल होने की वजह से आगे कीमतें कम होंगी। सब्जियों की कीमतों में भी कमी आ सकती है। हालांकि, इस वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में महंगाई पीक पर जाएगी, लेकिन उसके बाद इसमें कमी आएगी।*

## *कोरोना की दूसरी लहर के झटकों से उबर रही इकोनॉमी*

*केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2022 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) इंफ्लेशन के 5.3त्न पर रहने का अनुमान लगाया है। RBI गवर्नर ने कहा कि दूसरी लहर के झटकों से इकोनॉमी उबर रही है और इसमें तेजी आ रही है, लेकिन यह लंबे समय तक कायम होती नहीं दिख रही है। शक्तिकांत दास के मुताबिक इकोनॉमिक रिकवरी लंबे समय तक बनी रहे, इसके लिए पॉलिसी सपोर्ट जरूरी है।*

# शेयर बाजार: सेंसेक्स 300 पॉइंट्स गिर कर 58371 पर पहुंचा, बैंकिंग शेयर्स में भारी गिरावट

**मुंबई।** कल रिजर्व बैंक की पॉलिसी दरों में कोई बदलाव न होने से बाजार में जबरदस्त तेजी रही। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (क्चस्श्व) का सेंसेक्स 1016 पॉइंट्स की तेजी के साथ 58,649 पर बंद हुआ था कल रिजर्व बैंक की पॉलिसी दरों में कोई बदलाव न होने से बाजार में जबरदस्त तेजी रही। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (क्चस्श्व) का सेंसेक्स 1016 पॉइंट्स की तेजी के साथ 58,649 पर बंद हुआ था शेयर बाजार में सुबह की जारी तेजी गायब हो चुकी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (क्चस्श्व) का सेंसेक्स 300 पॉइंट्स गिर कर 58,371 पर पहुंच गया है। बैंकिंग सेक्टर के शेयर्स में भारी गिरावट है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 1.5 पर्सेंट ऊपर है।



**182 पॉइंट्स ऊपर खुला था सेंसेक्स:** सेंसेक्स आज सुबह 182 पॉइंट्स ऊपर 58,831 पर खुला था। दिन में इसने 58,889 का ऊपरी स्तर और 58,341 का निचला स्तर बनाया। सेंसेक्स के 30 शेयर्स में से 6 शेयर्स बढ़त में कारोबार कर रहे हैं और 24 गिरावट में हैं। बढ़ने वाले प्रमुख शेयर्स में लार्सन एंड टूब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, रिलायंस हैं। गिरने वाले शेयर्स में टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, मारुति के शेयर हैं।

## निफ्टी 17,472 पर

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 77 अंक गिरकर 17,399 पर पहुंच गया है। इसने दिन में 17,542 का ऊपरी स्तर और 17,389 का निचला स्तर बनाया। इसके 50 शेयर्स में से 23 बढ़त के साथ और 27 गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं।




स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। )